kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-261 | रविवार, 26 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



'मेरी कामना है कि छठी मइया सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें। छठ महापर्व आस्था, उपासना और प्रकृति प्रेम का एक अनूठा संगम है। इसमें जहां अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है, वहीं प्रसाद में भी प्रकृति के विविध रंग समाहित होते हैं। नरेन्द्र मोदी

रोहित-विराट के दम पर भारत ने बचाया सम्मान 10

छठ महापर्व के आगमन से छठमय हुआ वातावरण 12

## संक्षेप

### छठ महापर्व केवल पूजा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को सूर्योपासना एवं लोक आस्था के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने आज यहाँ जारी एक बधाई सन्देश में कहा कि ह्न रउआ सब पर छठी मईया के कृपा बनल रहे, परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता अ बहन लोगन के हमरी तरफ से विशेष मंगलकामना। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व प्रकृति, श्रद्धा और अनुशासन का एक अनुपम संगम है। सूर्योपासना के माध्यम से यह पर्व हमें जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और सन्तुलन का सन्देश देता है। यह पर्व केवल पूजा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है। मुख्यमंत्री जी ने कामना की कि छठी मईया की कृपा से सभी व्रती अपने संकल्प में सफल हों तथा स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन प्राप्त करें। छठ महापर्व की यह महान परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी सतत जारी रहे।

### छठ गीतों के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस ने यात्रा को बनाया सुखद

**नयी दिल्ली।** छठ महापर्व के लिए यात्रा करने वाले लोगों को इस त्योहार से संबंधित गीतों के माध्यम में भक्ति रस में सराबोर करके वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुखद और आनंददायक बना रही है। सेमी हाई-स्पीड और आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में इस समय छठ के गीत बजाए जा रहे हैं। रेलवे की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि छठ के पावन अवसर पर नयी दिल्ली और पटना के बीच कई विशेष ट्रेनें चलायी जा रही है, जिनमें वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। वंदे भारत एक्सप्रेस में आज यात्रा कर रहे लोगों के लिए सफर का अनुभव उस समय और भी खास बन गया, जब ट्रेन में छठ के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनें गूंज उठीं। भारतीय रेल की इस पहल के तहत पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक धुनें बजाकर यात्रियों को उनके घर-परिवार और संस्कृति से भावनात्मक रूप से जोड़ा गया। इससे यात्रियों का उत्साह और आनंद कई गुना बढ़ गया।

### 25 नवंबर को राममंदिर पर ध्वज स्थापना कर सकते हैं पीएम मोदी

**लखनऊ।** अयोध्या में 25 नंवबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ सकते हैं। पीएम मोदी राम मंदिर पर ध्वज स्थापना कर सकते हैं। इसको लेकर सीएम योगी शनिवार की शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सीएम योगी ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी ने इस दौरान 25 नवंबर को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित अयोध्या यात्रा और अयोध्या में हुए विकास कार्यों के साथ ही जेवर एयरपोर्ट की प्रगति से अवगत कराया है। इसके बाद सीएम ने पीएम मोदी को राममंदिर पर ध्वज स्थापना कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी किया है।

# उत्तर प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : योगी

**एजेंसी**

गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

इस दौरान, योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।



बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए ठोस और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने नागरिक उड्डयन, सुरक्षा, विस्फोटक निरोधक दस्ता, नियंत्रण इकाई, उप स्टेशन और आधारभूत संरचना से संबंधित अद्यतन जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा एवं प्रशासनिक पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओओ किरण जैन ने एनआईए अनुज्ञा निर्गमन, यात्री सुरक्षा, रनवे, वायुसंचालन परीक्षण और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ और चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे से सड़क संपर्क, माल परिवहन संपर्क, अग्निशमन केंद्र, जल शोधन संयंत्र, जलभराव निस्तारण एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। नायल के सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोडल अफसर शैलेन्द्र भाटिया ने प्रगति और कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि हवाई अड्डे के सभी कार्यों की प्रगति नियमित रूप से समीक्षा कर गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने आगामी जनसभा एवं रैली की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर भूमि समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनसभा स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता एवं प्रकाश की व्यवस्था उच्च स्तर की सुनिश्चित की जाए। जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण कराए जाने वाले हिस्से का क्षेत्रफल 3,300 एकड़ है, जबकि कुल 6,700 एकड़ भूमि का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन माह में ली जाएगी। भूमि क्रय की लागत लगभग ?5,000 करोड़ और एयरपोर्ट निर्माण की लागत 7,000 करोड़ है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। साथ ही, औसतन प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी। भविष्य में यात्रियों की संख्या 1 करोड़ से अधिक होने पर दूसरे रनवे ● शेष पेज 11 पर

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व कार्तिक छठ शनिवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। लोक आस्था के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत शनिवार को नहाय-खाय के साथ हो गई है। छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए नहाय-खाय के संकल्प के तहत नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। सुबह से ही गंगा नदी, तालाब, पोखर में व्रती स्नान करती हैं।

छठ महापर्व का दूसरा दिन, जिसे लोहंडा और खरना के नाम से जाना जाता है। रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को सूर्यास्त के समय भगवान सूर्य की पूजा करने के बाद दूध और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ेंगी। ब्रह्म मुहूर्त 4 बजकर 47 मिनट से लेकर 5 बजकर 38 मिनट तक है। वहीं, अभिजीत मुहूर्त दिन 11 बजकर 42 से लेकर 12 बजकर 27 तक है। जबकि गोधूलि मुहूर्त शाम 5 बजकर 41 मिनट से लेकर 6 बजकर 6 मिनट तक है। छठ पूजा में महिलाएं 36 घंटे तक व्रत रहती हैं। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किए जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित (पंडित) की आवश्यकता नहीं होती है। महापर्व छठ के दूसरे दिन महिला एवं पुरुष व्रती कल एक बार फिर नदियों, तालाबों में स्नान करने के बाद अपना उपवास शुरू करेंगे। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद व्रती सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य की पूजा कर एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाएंगे। इसके बाद जब तक चांद नजर आएगा तभी तक वह जल ग्रहण कर सकेंगे और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार-निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा।


इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदियों और तालाबों में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करेंगे। व्रतधारी अस्त हो रहे सूर्य को फल और कंद मूल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। पर्व के चौथे और अंतिम दिन नदियों और तालाबों में उदीयमान ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री का है यह दशक, नीतीश के लिए प्रचार करूंगा : नायडू

**एजेंसी**

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू मौजूदा दशक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दशक बताते हुए कहा कि उन्हें आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत पर पूरा विश्वास है।

नायडू ने यह भी कहा कि वह बिहार में राजग उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। एक विशेष साक्षात्कार के दौरान नायडू ने केंद्र की राजग सरकार को प्रगतिशील बताया और कहा कि यह आम आदमी के हित के लिए कई सुधार ला रही है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने एक वर्ष के अंदर ही सुपर सिक्स चुनावी वादों को सफलतापूर्वक पूरा कर दिया है। नायडू ने कहा कि आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के प्रस्तावित 7.3 मिलियन टन प्रति वर्ष (प्रारंभिक क्षमता) वाले इस्पात संयंत्र की आधारशिला अगले महीने आंध्र प्रदेश में रखी जाएगी। उन्होंने कहा, भारत में बहुत ही दिलचस्प चीजें हो रही हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री सालों से राजनीति में हैं। वह हमेशा चुनाव जीतते रहे हैं। पहले वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2014 से अब तक, यानी 11 वर्षों से वह प्रधानमंत्री हैं। अब और चार वर्ष तक वह रहेंगे। नायडू ने कहा, यह दशक नरेन्द्र मोदी का है। और जब यह दशक नरेंद्र मोदी जी का है, तो स्वाभाविक रूप से यह भारतीयों का भी है। नायडू ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सत्तारूढ़ राजग ● शेष पेज 11 पर



## पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र की अवधारणा बाहरी है, उसे कब्जे वाले क्षेत्रों में दमन बंद करना चाहिए: भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र को एक 'बाहरी' अवधारणा बताते हुए उससे अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को 'यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशनः लुकिंग इंटू फ्यूचर' विषय पर आयोजित खुली बहस में पाकिस्तानी दूत के उल्लेखों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, ह्नजम्मू-कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से जानते हैं कि ये (लोकतांत्रिक) अवधारणाएं पाकिस्तान के लिए बाहरी हैं। दूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा, हम पाकिस्तान से अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को रोकने का आह्वान करते हैं, जहां ● शेष पेज 11 पर

# यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में 'जंगलराज' लौटेगा या विकास कायम रहेगा : अमित शाह

**एजेंसी**

खगड़िया (बिहार)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में 'जंगलराज' वापस आएगा या यह विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा।

खगड़िया जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि ''हर एक घुसपैठिये का पता लगाया जाएगा, मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जाएगा और उन्हें उनके देशों में वापस भेजा जाएगा।''

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, ''राहुल बाबा कहते हैं कि घुसपैठियों को बिहार में रहने दिया जाए। आप बताइए, क्या हमें घुसपैठियों को रहने देना चाहिए? चाहे वह जितनी भी रैलियां कर लें 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाल लें, वह घुसपैठियों को बचा नहीं सकते।''



गृह मंत्री ने दावा किया कि बिहार में फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी और कहा, ''हमारी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चुनकर देश से बाहर करेगी३, उनका पता लगाया जाएगा और उन्हें वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, ''यह चुनाव किसी को विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में लालू-राबड़ी का 'जंगलराज' लौटेगा या फिर राजग के आने पर विकसित बिहार पूरे देश में अपनी पहचान बनाएगा। शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी महागठबंधन की पहचान ''भ्रष्टाचार और परिवारवाद' है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने केवल अपने परिवार की समृद्धि पर ध्यान दिया। शाह ने दावा किया, ''नीतीश बाबू राज्य का समग्र विकास चाहते हैं, जबकि लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री। इसलिए बिहार के ● शेष पेज 11 पर

# 'डिजिटल अरेस्ट' पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान वाले मामले पर सुनवाई कल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय जाली दस्तावेज के जरिये धोखाधड़ी का शिकार हुए 'डिजिटल अरेस्ट' पीड़ितों के स्वतः संज्ञान वाले मामले की 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा।

उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, जाली दस्तावेज के जरिए डिजिटल अरेस्ट के पीड़ित विषय वाली स्वतः संज्ञान याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आएगी।

शीर्ष अदालत ने 17 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि प्रथम दृष्टया न्यायिक दस्तावेज की जालसाजी, साइबर जबरन वसूली और निर्दोष लोगों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की साइबर गिरफ्तारी से जुड़े आपराधिक उद्यम की पूरी सीमा का पता लगाने के लिए केंद्र और राज्य पुलिस के बीच समन्वित प्रयासों के साथ अखिल भारतीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। उच्चतम ने



इस मामले में केंद्र, सीबीआई और अन्य से जवाब मांगा है तथा कहा है कि इस तरह के अपराध न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास की 'नींव' पर प्रहार करते हैं। शीर्ष अदालत ने हरियाणा के अंबाला में एक वरिष्ठ नागरिक दंपति के 'डिजिटल अरेस्ट' के मामले का संज्ञान लिया था। धोखाधड़ी करने वालों ने अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर इस दंपति से 1.05 करोड़ रुपये जबरन वसूल लिये थे। पीठ ने कहा, ''हम इस बात से स्तब्ध हैं कि धोखेबाजों ने भारत की शीर्ष अदालत और विभिन्न अन्य ● शेष पेज 11 पर

## महादेव की नगरी में अर्धचंद्राकार घाट दीयों की माला से सजकर साक्षात दिव्यता का रूप धारण करेंगे

# देव दीपावली पर जलेंगे करीब 25 लाख दीए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी। देव दीपावली 2025 पर काशी की उत्तरवाहिनी गंगा के दोनों तट दीपों की अद्भुत रोशनी से जगमगाएंगे। महादेव की नगरी में अर्धचंद्राकार घाट करीब 25 लाख दीयों की माला से सजकर साक्षात दिव्यता का रूप धारण करेंगे, तो गंगा पार रेत पर रंग, रोशनी और संगीत का समावेशी प्रदर्शन सृष्टि को आलोकित करेगा।

वहीं, 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो की अद्भुत झलक श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय अनुभव कराएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार देव-दीपावली पर वाराणसी के घाटों पर करीब 25 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीये राज्य सरकार की ओर से, जबकि बाकि दीप घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। यह प्रकाश उत्सव घाटों को दिव्यता और सौंदर्य से भर देगा, जिससे गंगा तट और पूरे शहर का दृश्य भक्तों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाएगा। विभाग का प्रयास है कि 'देवों की दिवाली' वाराणसी आने वाले हर आगंतुक के लिए यादगार हो।



उन्होने कहा ह्न उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा तीन से पांच नवम्बर तक काशी के चेत सिंह घाट और गंगा द्वार पर अत्याधुनिक 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मनमोहक प्रस्तुति में गंगा, काशी और देव दीपावली की पावन कथा को 25 मिनट के दर्शनीय अनुभव में पिरोया जाएगा, जिसमें 17 मिनट की प्रोजेक्शन मैपिंग और 08 मिनट का लेजर शो सम्मिलित होगा।'

जयवीर सिंह ने बताया, 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए देव दीपावली, काशी-वाराणसी, भगवान शिव, गंगा और अन्य पौराणिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी। गंगा तट स्थित प्राचीन इमारतों की दीवारों और घाटों पर आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से विभिन्न छवियां उकेरी जाएंगी। हिंदी में संवाद के माध्यम से संबंधित कहानियां बताई जाएगी।

काशी के गंगा तट केवल दीपों से नहीं, बल्कि आकाश तक फैली रोशनी से भी जगमगाने वाले हैं। लगभग डेढ़ किलोमीटर के क्षेत्र में 10 मिनट तक चलने वाला शानदार फायर क्रैकर्स शो औसत 200 मीटर ऊंचाई तक रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरेगा, जो देखने वालों के लिए अलौकिक अनुभव प्रदान करेगा। यह शो ग्रीन फायर क्रैकर्स (पर्यावरण-अनुकूल आतिशबाजी), तकनीक और कंप्यूटर आधारित कोरियोग्राफी के साथ तैयार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों को पूरा करता यह अद्भुत नजारा काशी की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम देगा। इस वर्ष देव दीपावली के अवसर पर काशी में 10 लाख से ● शेष पेज 11 पर

## पूर्व डीजीपी मुस्तफा के घर से डायरी, सीसीटीवी डीवीआर बरामद

सहारनपुर। सहारनपुर के थाना चिलकाना गांव निवासी आईपीएस अफसर और पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा चौधरी के बेटे अकिल अख्तर की 16 अक्टूबर को हुई मौत के मामले में पंचकुला हरियाणा पुलिस की विशेष जांच समिति एसआईटी की टीम यहां उनके घर पर पहुंची और एक डायरी में कब्जे में ली। जिसका उल्लेख वीडियो में किया गया था। पुलिस अधिकारी ने आज यह जानकारी दी।

एसआईटी की टीम ने यहां मोहम्मद मुस्तफा चौधरी और अन्य परिजनों से पूछताछ भी की। एसआईटी की टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि मुस्तफा चौधरी से बरामद दस्तावेज और मोबाइल फोन फोरेंसिक प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएंगे। गौरतलब है कि पंजाब के मलेर कोटला स्थित मुस्तफा चौधरी के पड़ोसी शमसुद्दीन चौधरी ने चौधरी के बेटे अकिल अख्तर की 16 अक्टूबर को संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में थाना पंचकुला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने उस वीडियो का भी हवाला दिया था।

# अपर प्रमुख सचिव ने किए हनुमतधाम के दर्शन, की पुस्तकालय की सराहना

**इस दौरान डीएम ने हनुमतधाम में संचालित विभिन्न विकास कार्यों व गतिविधियों की जानकारी दी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अपर प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अमित कुमार घोष तथा जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आज हनुमतधाम का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हनुमतधाम पहुंचने पर वित्त मंत्री एवं अपर प्रमुख सचिव ने श्रद्धा भावपूर्वक हनुमान जी के गर्भगृह में दर्शन किए और परिक्रमा करते हुए धाम परिसर की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्ता की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम ने हनुमतधाम में संचालित विभिन्न विकास कार्यों व गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद अपर प्रमुख सचिव ने हनुमत धाम परिसर स्थित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। वहां अध्ययनरत बालिकाओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, पुस्तकालय की उपयोगिता एवं उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली और पुस्तकालय की व्यवस्था की सराहना करते हुए बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन के महत्व पर प्रेरित किया। इसके उपरांत वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अपर प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी ने शहीद संग्रहालय का भी दौरा किया और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया और इसे जनपद की गौरवशाली विरासत का प्रतीक बताया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## उच्चाधिकारियों के आदेश के बावजूद नहीं किया जा रहा कार्यमुक्त



प्रयागराज। प्रयागराज में कई पुलिसकर्मी हैं जिनका ट्रांसफर अन्य जोन या कमिश्नरेट में हो चुका है, लेकिन उन्हें अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। इससे आम जनता में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उच्चाधिकारियों के आदेश को क्यों दरकिनार किया जा रहा है। कई बार कार्यमुक्त करने के लिए तिथि भी निर्धारित की गई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इसे नजरअंदाज कर रहे हैं।क्षेत्र के सम्मानित और सोशल वर्करों ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यमुक्त और लापरवाह जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस विभाग में समय-समय पर ट्रांसफर होता रहता है, लेकिन प्रयागराज में ऐसा नहीं हो रहा है।

# शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए: एएसपी ग्रामीण

**एसपी ग्रामीण ने सुनी समस्याएं, दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में आज जिले के सभी थाना क्षेत्रों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया और जनता की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी और न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने थाना तिलहर में भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी झगड़े, राजस्व संबंधी विवाद तथा पुलिस से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना और प्रत्येक शिकायत का विवेचनात्मक परीक्षण करने और निष्पक्ष कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित थाना प्रभारी एवं राजस्व अधिकारियों को दिए। एएसपी ग्रामीण ने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण किया जाए, ताकि आमजन को न्याय एवं राहत दोनों मिल सकें। कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संवाद और विश्वास को सुदृढ़ करना है। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित शिकायतकर्ताओं को शासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु थाना समाधान दिवस का अधिकतम लाभ उठाएं।एसपी ग्रामीण ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य पुलिस-जन सहयोग को सशक्त बनाना, त्वरित न्याय की भावना को प्रबल करना और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करना है।

## पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या की, लोगों ने पकड़ा आरोपी

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के गंगानगर जोन में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। आर्थिक तंगी को लेकर हुए विवाद में पति रोहित ने पत्नी खुशबू की लाठी से बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतका के परिजनों ने आरोपी पति, ससुर और जेठ के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। इलाके में सनसनी फैल गई है।

## सखी वन स्टॉप सेंटर से नाबालिग लड़की लापता, सुरक्षा पर सवाल

प्रयागराज। शाहगंज इलाके स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर से एक नाबालिग लड़की लापता हो गई, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, लड़की को कौंधियारा इलाके से बरामद कर सेंटर भेजा गया था, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद वह गायब हो गई। घटना के बाद वन स्टॉप सेंटर की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने टीम गठित कर तलाश शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। मामला बाल सुरक्षा और महिला संरक्षण से जुड़े प्रोटोकॉल पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

## सपा के बिहार प्रचार पर बोले भूपेंद्र चौधरी, अखिलेश की पार्टी वहां चुनाव नहीं लड़ रही

प्रयागराज। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने समाजवादी पार्टी के बिहार में प्रचार करने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की पार्टी बिहार में न तो चुनाव लड़ रही है और न ही वहां उनका कोई प्रत्याशी मैदान में है। फिर भी वह प्रचार करने जा रहे हैं, इसका कारण मीडिया को बेहतर पता होगा। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है और भाजपा मजबूत स्थिति में है। उन्होंने सपा पर बिना मुद्दे के राजनीति करने का आरोप लगाया।

## प्रयागराज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज। सोरांव थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान अजय कुमार मिश्रा और आशुतोष मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 6 किलो गांजा बरामद किया है। जांच में पता चला कि आरोपी असम से बिहार के रास्ते कौशांबी गांजा लेकर जा रहे थे। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है और सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई से इलाके में नशे के खिलाफ अभियान को बल मिला है।

## अतीक के शूटर के भाई को बीजेपी से हटाया गया, एमएलसी की नियुक्ति से मचा बवाल

प्रयागराज। प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य शूटर और 5 लाख के इनामी गुलाम हसन के भाई राहिल हसन को लेकर शनिवार को भाजपा में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। भाजपा के एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने राहिल हसन को अल्पसंख्यक समाज का प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया था, लेकिन मामला सामने आते ही पार्टी के अंदर विरोध शुरू हो गया। एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने राहिल हसन की नियुक्ति का लेटर और फोटो सोशल मीडिया पर जारी किया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने इस निर्णय का विरोध करना शुरू कर दिया। शनिवार को प्रयागराज में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। ऐसे में राहिल हसन का मुद्दा तेज़ी से उछल गया और उनकी एमएलसी के साथ की वीडियो भी वायरल हो गई।बढ़ते विरोध के चलते एमएलसी सुरेंद्र चौधरी को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। उन्होंने राहिल हसन की नियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पद से हटा दिया।सूत्रों के मुताबिक, निर्णय की जानकारी मिलते ही राहिल हसन भावुक हो उठे और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। वहीं, पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने भी साफ कर दिया है कि किसी भी विवादित पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को संगठन में स्थान नहीं दिया जाएगा।राजनीतिक हलकों में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद और उसके साथियों के नाम पहले से ही सुर्खियों में रहे हैं। ऐसे में अतीक के करीबी के भाई को भाजपा में पद देने पर पार्टी की छवि पर सवाल उठने लगे हैं।

## यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता, 6.40 करोड़ रुपये के गबन के आरोपी को किया गिरफ्तार




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने शुक्रवार को 6 करोड़ 40 लाख रुपये के गबन के आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नीरज कुमार जायसवाल उर्फ सल्लू के रूप में हुई है। उस पर प्रयागराज के जार्ज टाउन थाने में धोखाधड़ी और गबन से जुड़ा मामला दर्ज था।जानकारी के अनुसार, नीरज कुमार जायसवाल मूल रूप से प्रयागराज के मुट्ठीगंज इलाके का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने वित्तीय लेन-देन में हेराफ़ेरी करते हुए करोड़ों रुपये का गबन किया था।एसटीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## समाजसेवी जगदीश की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

रायबरेली। बेटे के साथ गोभी की पौध लेने शिवगढ़ बाजार जा रहे प्रगतिशील किसान व समाजसेवी जगदीश मौर्य (72 वर्ष) की दुर्घटना के 20 दिन बाद इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों सहित पूरे गांव में मातम पसर गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।ज्ञात हो कि बीते 5 अक्टूबर को क्षेत्र के टूक मजरे ओथी गांव निवासी जगदीश मौर्य अपने बेटे राजू मौर्य के साथ मोटरसाइकिल से शिवगढ़ बाजार जा रहे थे। रास्ते में ओसाह चौराहे के निकट सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में 72 वर्षीय जगदीश मौर्य और उनके बेटे राजू दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जगदीश मौर्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था। पिछले 20 दिनों से उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था।

# छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने संगम नोज का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को संगम नोज पहुंचकर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में मनाए जाने वाले सूर्य षष्ठी (डाला छठ) पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।जिलाधिकारी ने घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, गोताखोरों की तैनाती, बैरिकेटिंग, चेंजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को घाटों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने और नगर निगम को साफ-सफाई की मुकम्मल व्यवस्था करने के निर्देश दिए।उन्होंने पुलिस प्रशासन को यातायात, पार्किंग और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया। साथ ही गहरे पानी वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड (साइनेज) व बैरिकेटिंग लगाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया।मुख्य चिकित्साधिकारी को आयोजन स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि पर्व शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सके।जनपद में छठ पर्व मुख्य रूप से संगम, दशाश्वमेध घाट, सरस्वती घाट, बोट क्लब घाट, गऊघाट, बलुआघाट, रसूलाबाद, नारायणी आश्रम, सीताराम (शिवकुटी), नींवा, ट्रांसपोर्ट नगर, प्रीतमनगर, धूमनगंज, फाफामऊ, सोरांव, झूंसी, छतनाग एवं अरैल घाटों पर मनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा, नगर आयुक्त साई तेजा, डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में पत्रकार की हत्या के विरोध में राजधानी में कैंडल मार्च

**जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन के बैनर तले पत्रकारों का विरोध प्रदर्शन**

**पत्रकारों की बुलंद आवाज बनेगा: जेपीए**

**पत्रकारों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं, संगठन पत्रकारों की हर स्तर पर उठाएगा आवाज: अध्यक्ष**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । प्रयागराज में पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह की हुई नृशंस हत्या के विरोध में राजधानी लखनऊ के 1090 चौराहे पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन की तरफ से कैंडल मार्च का आयोजन कर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग शासन और प्रशासन से की गई। साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग उत्तर प्रदेश सरकार से की गई। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने पत्रकार की हत्या पर मामले की जांच कर, प्रदेश सरकार एवं प्रशासन से घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों की आवाज जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन हर स्तर पर उठाएगा और उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करेगा। संगठन के प्रवक्ता देवकीनंदन पांडे ने पत्रकार की हत्या लोकतंत्र की हत्या तथा चौथे स्तंभ को कमजोर करने का षड्यंत्र तथा प्रशासन की विफलता बताया। कार्यक्रम में जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन के संरक्षक जोगिंदर सिंह खालसा, शिव शंकर मिश्रा, संगठन मंत्री राम यादव,विवेक विश्व पांडे, अशोक यादव, संगठन के उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष एवं विधि सलाहकार नरसिंह नारायण पांडे, प्रदेश प्रवक्ता देवकीनंदन पांडे, प्रदेश के पदाधिकारी गण एवं जिले के पदाधिकारी गण संगठन के सदस्य तथा सैकड़ो की संख्या में विभिन्न संस्थानो के सम्मानित पत्रकार गण उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। नगर निगम द्वारा महानगर में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से सीएम-ग्रिड्स फ़ेज-02 योजना के अंतर्गत आज सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन समारोह टाउनहॉल स्थित शहीद द्वार पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह विकास कार्य महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र के संयुक्त तत्वावधान में किए जा रहे हैं। अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत सदर थाना चैराहे से नगर निगम कार्यालय, तिलक पार्क, लाल इमली चैराहा, हॉकी क्लब, कवि तिराहा होते हुए विश्वनाथ मंदिर तक लगभग 1.07 किलोमीटर लंबी सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। जिस पर लगभग 1422.38 लाख की लागत आएगी। इस सड़क की प्रमुख विशेषताओं में ऊपरगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत करना, एचडीपीई पाइप के माध्यम से केबल लाइनों का भूमिगतकरण, सीवर एवं वाटर लाइन कार्य, फुटपाथ निर्माण, स्ट्रीट लाइट की स्थापना तथा कैरिजवे सुदृढ़ीकरण जैसे विविध विकास कार्य शामिल हैं। निर्माण कार्य की समयसीमा 24 अक्टूबर 2026 है। भूमि पूजन कार्यक्रम में कार्यकारिणी समिति के उप-सभापति वेद प्रकाश मौर्य, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, महाप्रबंधक जल, मुख्य अभियंता निर्माण, समस्त पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज जंक्शन पर छठ पूजा की भीड़ आरपीएफ जवान कर रहे यात्रियों की मदद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। छठ पूजा के अवसर पर प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में जगह-जगह यात्रियों का रेला दिखाई दे रहा है।यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (टघ्क्) के जवान स्टेशन पर तैनात हैं। आरपीएफ कर्मी प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को सुचारू और अनुशासित तरीके से ट्रेनों में चढ़ने में मदद कर रहे हैं।रेल प्रशासन के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है और प्लेटफॉर्म पर अनाउंसमेंट के जरिए यात्रियों को मार्गदर्शन भी किया जा रहा है।छठ पर्व के चलते अगले दो दिनों तक प्रयागराज जंक्शन और आसपास के स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने की संभावना है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करें।

# एसपी ने समाधान दिवस पर थाना सिंधौली में की जनसुनवाई

**पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा, त्वरित सहायता और न्याय सुनिश्चित करना: एसपी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । थाना समाधान दिवस के पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना सिंधौली में आमजन की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण न्यायसंगत, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए, ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर, मालखाना, शस्त्रागार, रिकॉर्ड रूम, महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया और अभिलेखों के रखरखाव, रिकॉर्ड प्रबंधन और थाना परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने महिला हेल्प डेस्क कर्मियों से महिला सुरक्षा, शिकायत निस्तारण, साइबर अपराधों से बचाव तथा जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। निर्देश दिए कि महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारित किया जाए। जनता से सौम्य व्यवहार रखें। थाने को एक जनविश्वास केंद्र के रूप में स्थापित करें। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा, त्वरित सहायता और न्याय सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी सिंधौली, थाना स्टाफ, महिला हेल्प डेस्क की टीम, राजस्व विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**महिलाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता ही सशक्त समाज की नींव है-एसपी ग्रामीण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत शनिवार को थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम लखोहा में महिला सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण ने महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए महिला सुरक्षा, अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सामाजिक नेतृत्व की भावना जगाने का आंदोलन है। समाज में तभी संतुलन और प्रगति संभव है जब महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त हों। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और हेल्पालाइन नंबरों की जानकारी दी। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या पर भयमुक्त होकर हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। इसके साथ ही, उपस्थित छात्राओं और बच्चों को शिक्षा के महत्व, बाल अधिकारों, साइबर सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। वहीं, महिला पुलिस कर्मियों ने आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि प्रत्येक महिला स्वयं अपनी सुरक्षा की पहली प्रहरी बन सकती है। इस दौरान एएसपी ग्रामीण ने ग्रामीण महिलाओं से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और निवारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सीओ तिलहर ज्योति यादव, थाना तिलहर पुलिस टीम, महिला हेल्पडेस्क, बीट पुलिसकर्मी, स्थानीय महिलाएं, छात्राएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जोन-6 की लापरवाही से गंदगी का अंबार स्थानीय लोग बीमारी और दुर्गंध से परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजधानी लखनऊ के नगर निगम जोन-6 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। गाड़ी पीर खां वॉर्ड के अंतर्गत आने वाले करीमनगंज क्षेत्र में स्थित कृष्णापुरी कॉलोनी में कूड़ा लंबे समय से उठाया ही नहीं गया है। इससे न केवल क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हुई है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां कई दिनों से कूड़े के ढेर खुले पड़े हुए हैं, जिनसे लगातार बदबू उठ रही है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी कई बार अनुरोध करने पर भी नियमित रूप से कूड़ा संग्रहण के लिए नहीं आते। इस कारण लोगों को बेहद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



कचरे में पैदा हो रहे कीट, मच्छर और मक्खियां बीमारी फैलने का कारण बन रही हैं। डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर और त्वचा रोगों के मामले इस इलाके में लगातार बढ़ रहे हैं। मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। पशुओं की स्थिति भी चिंताजनक है, क्योंकि वे अक्सर इस कूड़े में भोजन की तलाश करते हुए किसी न किसी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के समय कोई भी सड़क से गुजरने के लिए तैयार नहीं होता, क्योंकि कूड़े के पास भटकते आवारा जानवर और बदबू से वातावरण पूरी तरह दूषित हो जाता है। बारिश या नमी वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। बदबू पूरे क्षेत्र में फैल जाती है और गंदा पानी घरों के सामने इकट्ठा होकर संक्रमण की आशंका को और बढ़ा देता है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों को कई बार शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक कोई सख्त कार्रवाई देखने को नहीं मिली। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम केवल कागज़ों पर सफाई अभियान चला रहा है। वास्तविकता यह है कि जमीनी स्तर पर हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन और सरकार की स्वास्थ्य योजनाएँ तभी सार्थक होंगी जब नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को समय पर और प्रभावी तरीके से निभाए।

क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं लाया गया तो वे सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। नागरिक प्रशासन से यह मांग कर रहे हैं कि रोजाना कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए,कूड़ेदानों की संख्या बढ़ाई जाए,अस्थायी रूप से कूड़ा निस्तारण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए,तथा मच्छर नियंत्रण व कीटनाशक छिड़काव की नियमित व्यवस्था की जाए।निवासियों के अनुसार अब धैर्य जवाब देने लगा है। लोग प्रशासन की ओर राहत की उम्मीद लगाए हुए हैं। समय पर कार्रवाई न की गई तो यह समस्या व्यापक जनस्वास्थ्य संकट में बदल सकती है। स्थानीय जनता का स्पष्ट कहना है कि उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने का अधिकार है, तथा नगर निगम को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान करना चाहिए।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत नगराम पुलिस ने बजगिहा में महिलाओं को किया जागरूक, दिया आत्मरक्षा का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शनिवार को थाना नगराम पुलिस द्वारा ग्राम बजगिहा पंचायत घर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगराम थाने के मिशन शक्ति प्रभारी सब इंस्पेक्टर हिमांशु पाण्डेय व साइबर क्राइम प्रभारी महिला उप निरीक्षक अल्पा देवी समेत पिंक पेट्रोल टीम ने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं व किशोरियों को घरेलू हिंसा, कार्यस्थल उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। साथ ही मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने बताया कि अब महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए 112, 1090, 181, 1930 जैसे महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं । साथ ही 'यूपी कॉप ऐप' डाउनलोड कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस अवसर पर महिला आरक्षी प्रिया सिंह, अवनीशा, स्वाती सिंह, सुमन पटेल,तथा आरक्षी संजय की टीम मौजूद रही। पुलिस टीम ने महिलाओं से कहा कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा की घटना को न छिपाएं, बल्कि तत्काल पुलिस से संपर्क कर निडर और जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाएं।

# अभाविप ने किया विचारदीप काव्य संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कला मंच लखनऊ महानगर की ओर से शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के गांधी प्रतिमा पार्क में विचारदीप काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठ पूजा विषय पर सजीव चित्रांकन किया तथा भारतीय संस्कृति, लोक-आस्था और काव्य परंपरा पर केंद्रित संगोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में युवा कवियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ करते हुए भारतीय परम्परा, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक चेतना के भावों को अभिव्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि 'विचारदीप' जैसे आयोजन नवपीढ़ी में साहित्यिक चेतना जगाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय कला मंच की कार्यकर्ता एवं विश्वविद्यालय की ललित



कला विभाग के विद्यार्थी शिवम, दिव्यांशी, सिद्धार्थ और आकाश ने छठ पूजा विषय पर सजीव चित्रांकन किया तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रान्त के प्रान्त सह संयोजक आशुतोष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ संस्कृत विभाग के छात्र हर्षित और शोभित ने संस्कृत मंत्रोच्चरण से हुआ। कविता पाठ के क्रम में प्रखर ने अपनी कविता ञ्जो स्वप्न अभी तक देखें हैं, सच करने की तैयारी है ! संघर्ष अभी भी जारी है !ङ्क का पाठ किया। अभिषेक 'अभिराम' ने अपनी कविता ''बने शिशुपाल जो कोई बनो फिर कृष्णा जैसा तुम !'' कविता का पाठ किया इसके अतिरिक्त रोहित, दिव्यांश, शिवम श्रीवास्तव, सत्यदेव, मानस मिश्र, हर्षित एवं शोभित ने अपनी स्वरचित कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। इसके बाद सभी कवियों और कला-साधक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवम सांवरा ने मनमोहक बांसुरी वादन प्रस्तुत कर वातावरण को मधुर और भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजक कुसुम कनौजिया, अवध प्रान्त के क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री अभिनव 'खालसा', प्रान्त शोध कार्य संयोजक तान्या तिवारी तथा राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त सह संयोजक हर्षिका सहित तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिक्योरिटी गार्ड की बेटी शालिनी शुक्ला बनी महिला कांस्टेबल

## नगराम में हुआ सम्मान, गांव में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के छतौनी गांव की बेटी शालिनी शुक्ला ने अपनी मेहनत, लगन और संकल्प से वह कर दिखाया जो हर माता-पिता का सपना होता है। एक सिक्योरिटी गार्ड की बेटी होकर भी उन्होंने सीमित संसाधनों में बड़ा मुकाम हासिल किया और उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला कांस्टेबल बनकर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित कर दिया। ट्रेनिंग के दौरान जब पहली बार वह दीपावली की छुट्टियों में जब शालिनी अपने घर लौटीं, तो पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। नगराम थाना पुलिसकर्मियों और गांव के समाजसेवियों ने मिलकर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया। मिठाई



खिलाकर और माला पहनाकर ग्रामीणों ने अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। शालिनी के पिता राजेंद्र शुक्ला पेशे से सिक्योरिटी गार्ड हैं, जबकि माता राजकुमारी शुक्ला गृहिणी हैं। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली शालिनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिवनंदन इंटर कॉलेज, छतौनी नगराम से पूरी की। आगे की पढ़ाई के साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की और मेहनत के बल पर उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हुईं। वर्तमान में वह गोरखपुर में ट्रेनिंग प्राप्त कर रही हैं। सम्मान समारोह के दौरान समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, शालिनी ने यह साबित कर दिया है कि अगर हौसला बुलंद हो, तो कोई भी मंज़िल मुश्किल नहीं। वह न सिर्फ अपने माता-पिता की बल्कि पूरे क्षेत्र की प्रेरणा बन गई हैं।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण प्रभारी हिमांशु पांडेय, महिला दरोगा अल्पा देवी, महिला कांस्टेबलों की टीम व गांव के अनुज शुक्ला, नीरज द्विवेदी, विजय शुक्ला और अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। शालिनी ने अपने सम्मान समारोह के दौरान कहा – मेरी सफलता मेरे माता-पिता के आशीर्वाद और उनके त्याग की देन है। मैं चाहती हूं कि गांव की हर बेटी शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़े।ङ्क गांव के लोगों ने कहा कि शालिनी की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। दीपावली के मौके पर बेटी की सफलता से गांव में दोगुनी रौनक और उल्लास देखने को मिला।

# ठाकुरगंज में महिला की मौत से सनसनी बेटे पर हत्या का शक गहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के पुराने लखनऊ क्षेत्र स्थित थाना ठाकुरगंज के अहमदगंज इलाके में शनिवार को एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद से पूरे मोहल्ले में दहशत और तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका अपने बेटे के साथ उसी मकान में रहती थी। शनिवार की दोपहर घर के एक कमरे में महिला का शव पड़ा हुआ मिलने पर परिवार के अन्य सदस्यों और आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मृतका की पुत्री शिबू ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि उसका भाई लंबे समय से नशे का आदी है और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ चल रहा है। परिवार में अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी। शिबू का कहना है कि सुबह किसी बात को लेकर मां और भाई के बीच बहस भी हुई थी, जिसके बाद यह दर्दनाक घटना सामने आई। पुत्री ने अपने बयान में सीधे तौर पर भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। हालांकि, प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने मृतका के बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और उसके नशे की लत व मानसिक स्थिति को लेकर भी आवश्यक जांच की जा रही है। पड़ोसियों और अन्य परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है, ताकि सच सामने आ सके। इस दर्दनाक घटना ने इलाके को झकझोर कर रख दिया है और लोग न्याय की उम्मीद में पुलिस की कार्रवाई पर निगाहें टिकाए हुए हैं।

# सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की बर्बरता न्याय मांगने वालों पर लाठीचार्ज, महिलाओं से अभद्रता

## मृतक की पत्नी को भी लिया हिरासत में

## मृतक की भाभी का बड़ा खुलासा हत्यारोपियों को छोड़ा, हमें दौड़ाकर पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ द्य सुंशात गोल्फ सिटी क्षेत्र के होटल में युवक की सदिग्धं मौत के मामले पकड़े गए आरोपितों को पुलिस द्वारा छोंड़ दिये जाने की जानकारी होने पर थाने पर विरोध करने पहुंचे परिजनो पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर बड़ी बेरहमी से लोगों को मारा पीटा गया और महिलाओं का पल्लू खींचते हुए उनके साथ जमकर अभद्रता की गई। ज्ञात हो कि विद्यानगर कॉलोनी कटेहरी बाग थाना कैंट लखनऊ के रहने वाले अरुण रावत 48 मंगलवार की सुबह मलाक रोड पर स्थित कार्तिक गेस्ट हाउस के कमरे में घायल अवस्था मे पड़ा मिला था।जिसे परिजन इलाज के लिए मेदांता हॉस्पिटल ले गए थे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।जिसपर परिजनों ने मृतक के साथ होटल में रुके विकास रावत तथा अमन व उसकी पत्नी विमला निवासी पश्चिम बंगाल पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई किये जाने की मांग की थी।लेकिन सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा कार्रवाई नही कि गई थी।तब परिजनों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया था।जिसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा कार्रवाई का आस्वाशन देते हुए पुलिस द्वारा आरोपितों को हिरासत में ले लिया था।

पुलिस द्वारा आरोपितों को छोंड़ देने पर बिगड़ी बात- मृतक के परिजनों का कहना है कि उनको जब जानकारी हुई कि कल शाम पकड़े गए आरोपितों को पुलिस द्वारा थाने से छोड़ दिया गया है।तो वह शनिवार को विरोध दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे थे।जहां पुलिस कर्मियों द्वारा उनसे अभद्रता की जाने लगी।जिसका विरोध करने पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दी और मृतक के परिजनों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा।जिससे कई लोग घायल हो गए वहीं पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी ले लिया है।विरोध करने पहुंची मृतक की भाभी सन देवी का कहना है कि हम लोग यहां आरोपितों के छोंडे जाने पर विरोध करने आए थे।रोड खाली थी हम लोग खड़े हो गए इतने में कुछ लोग लाठी-डंडा लेकर आए।और हम लोगों को मारने लगे जिसमें किसी का सिर फट गया तो किसी का पैर टूट गया।और गाड़ी से लुलु मॉल तक दौड़ाकर पीटा गया। मृतक सफाईकर्मी के भाई की पत्नी रंजना रावत ने का कहना है कि हम सुशांत गोल्फ सिटी थाने में इंसाफ के लिए आए थे क्योंकि आरोपितों को पुलिस ने छोड़ दिया था।जहां पुलिस वालों ने हम लोगों को लाठी-डंडों से पीटा और मृतक की पत्नी

शिल्पी, मृतक की भाभी सुशीला, मृतक के साले आनंद, मृतक का भतीजा अमन, मृतक के बड़े भाई राजाराम ,मृतक की लड़की मन्नू, मृतक के पड़ोसी पिंटू व शनि सहित करीब दो दर्जन लोगों को बंद कर दिया गया है।जिनमें से कई लोगों को गंभीर चोटें आई है।

## धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ ,मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।इंस्पेक्टर मोहनलालगंज डीके सिंह ने बताया कि नगराम के करोरा निवासी शिकायतकर्ता अरुण कुमार शुक्ला द्वारा दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि उनकी नानी श्रीमती गंगोत्री देवी पत्नी स्व. रघुनाथ प्रसाद अवस्थी ने अपनी संपूर्ण भूमि 11 दिसंबर 1998 को उनके नाम वसीयत की थी, जिसके आधार पर तहसील मोहनलालगंज द्वारा 23 अगस्त 2000 को उनका नाम दर्ज किया गया।शिकायतकर्ता के अनुसार लिपिकीय त्रुटि से ग्राम रकीबाबाद की भूमि गाटा संख्या 425, 439 व 443 पर उनके नाम के स्थान पर अकल कुमार गुप्ता पुत्र पुत्तीलाल गुप्ता का नाम दर्ज हो गया, जबकि ऐसा कोई व्यक्ति ग्राम करोरा में नहीं रहता।आरोप है कि इसी त्रुटि का लाभ उठाकर भू-माफिया भगौती लाल निवासी ग्राम चौतरा मितौली आदमपुर ने अकल कुमार गुप्ता के नाम से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर 21 जून 2025 को भूमि का रजिस्ट्री अपनी पत्नी महेश्वरी के नाम करा ली। इसके पश्चात उसी भूमि का बैनामा अब्दुला मोइंद, असद मोइद, आयुष, मो. हकीम तथा पुनीत वर्मा के नाम कर दिया गया।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि यह समस्त रजिस्ट्री व बैनामे षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से किए गए, जिनमें गवाह सुधीर पुत्र राजू निवासी ग्राम बहरौली थाना नगराम लखनऊ सहित अन्य व्यक्ति भी संलिप्त हैं।जिसको लेकर मोहनलालगंज थाने पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाष में जुट गई।शनिवार को मामले में फर्जी गवाही देने वाले अभियुक्त सुधीर को अतरौली थाना क्षेत्र मोहनलालगंज से गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पीडीए चौपाल में समाजवादी विचारधारा का प्रदर्शन, उमड़ा जनसैलाब



नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम के ग्राम नेवाजखेड़ा में आयोजित पीडीए चौपाल में समाजवादी विचारधारा के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। सांसद चौधरी ने कहा कि भाजपा शासन में गरीबों, दलितों और किसानों के साथ अन्याय बढ़ा है तथा थाना-तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने सरकार को किसान विरोधी बताया और जनता से 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन महादेव रावत ने किया और अध्यक्षता उमाशंकर वर्मा ने की। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत पेंशनर्स परिषद के पेंशनर्स 19 नवंबर 2025 को आयोजित करेंगे 37 वा वार्षिक सम्मेलन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स 19नवंबर 2025 को गांधीभवन जुटाव कर अपने 37 वा वार्षिक सम्मेलन सफल बनाएगे। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए परिषद के अध्यक्ष भारत भूषण गोयल एवं प्रमुख महासचिव कप्तान सिंह ने बताया कि अधिवेशन के खुले सत्र का उदघाटन करता डा आशीष कुमार गोयल (वरिष्ठ आई ए एस) अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड एवं अन्य सहयोगी ऊर्ज़ा निगम के होने की प्रबल संभावना है जब तक कोई विषम परिस्थिति न आ जाए। सम्मेलन में विद्युत पेंशनर्स के प्रत्येक जनपद के प्रतिनिधि उपस्थित होने जा रहे है। सम्मेलन में विशेष रूप से पेंशनरों के हितों संबंधी शासनादेश सीधे लागू करने, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सा सुविधा पाने, विविध बकाए देनदारी से कुछ पेंशनरों की रुकी पेंशन को दिए जाने की मांग तथा उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के सुधार पर चर्चा की जानी है।

## गोमती रिवर फ्रंट से अज्ञात महिला का शव बरामद

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना महानगर क्षेत्र के गोमती रिवर फ्रंट से शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, रोड निर्माण कार्य के दौरान इंजीनियर कार्तिक तिवारी ने नदी में तैरता हुआ शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त महानगर अंकित कुमार व थाना प्रभारी महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल मृतका की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं, वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महानगर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बेसिक विद्यालय करोरा की बालिकाओं ने कबड्डी व खो-खो में मारी बाजी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार के निर्देशन में बेसिक विद्यालय करोरा में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ बृजेश कुमार यादव ने किया। प्रतियोगिता में करोरा की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया – कबड्डी व खो-खो में बेसिक विद्यालय करोरा प्रथम और मदारपुर द्वितीय स्थान पर रहा।? वहीं 50 व 100 मीटर दौड़ में खुशी, आलिया, सूरज, शिवा, बादल व सुमन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लंबी कूद में जूली मदारपुर प्रथम और मोहिनी करोरा द्वितीय रहीं। कार्यक्रम में व्यायाम शिक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव अनिल कुमार वर्मा सहित शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में सरदार पटेल जयंती पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। प्रतियोगिता में 9 टीमों के 45 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर नंदिनी, शिवांगी, आरुषि, अर्पिता (कक्षा 8ए) व नैंसी (कक्षा 9ए), द्वितीय पर गरिमा, अनामिका, रूम, पारुल (कक्षा 11सी) तथा तृतीय स्थान पर नेहा, निधि, अंशिका, अनीता, खुशबू, रिया (कक्षा 9बी) की टीम रही। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर शिक्षक शंभू दत्त, अमित कुमार, उमेश कुमार, श्रीमती गरिमा देवी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सिसेंडी ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों पर उठे सवाल, पारदर्शिता पर छाया संदेह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### सिसेंडी ग्राम में मनरेगा नाम पर कागजी खेल, सिसेंडी में मनरेगा काम नाम मात्र, उपस्थिति आंकड़े आश्चर्यजनक



सीतापुर (ब्यूरो)। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सिसेंडी में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की पारदर्शिता पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यों के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है, जबकि स्थल पर वास्तविक स्थिति कुछ और ही नजर आती है। जानकारी के अनुसार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन प्रधान , सचिव व रोजगार की मिलीभगत से इस योजना की भावना और मंशा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। बताया जा रहा है कि कई बार एक ही फोटो को बार-बार अपलोड किया गया है, जिससे मजदूरों की उपस्थिति बढ़ा-चढ़ाकर दर्शाई जा रही है। वहीं, स्थल पर सीमित संख्या में मजदूर काम करते देखे गए हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मनरेगा के तहत किए जा रहे कुछ कार्य सिर्फ कागजों में ही पूरे दिखाए जा रहे हैं। मजदूरों को सीमित अवधि तक ही काम दिया जा रहा है, जबकि उपस्थिति सूची में दर्ज संख्या कहीं अधिक दिखाई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना के संचालन में पारदर्शिता की कमी साफ झलक रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी धन का वास्तविक उपयोग हो रहा है या नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो योजना का लाभ पात्र मजदूरों तक नहीं पहुँच पाएगा और मनरेगा की मूल भावना ही समाप्त हो जाएगी। अब देखना यह है क्या जिम्मेदारों द्वारा कोई जांच की जाती है या ऐसे बढ़ावा दिया जाता रहेगा और मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की बलि चढ़ती रहेंगी।

# लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर पूरे जनपद में भव्यता के साथ कार्यक्रम किये जायेंगे आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

सीतापुर (ब्यूरो) । राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर दिनांक-31 अक्टूबर 2025 से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि राष्ट्र के एकीकरण में सरदार बल्लभभाई पटेल की अविस्मरणीय योगदान रहा है। सरदार बल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के संबंध में सभी नागरिकों व विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिये पद यात्रा तथा कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्णमनोयोग से सभी कार्यक्रमों आयोजित कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि आयोजित होने वाली रन-फॉर यूनिटी हेतु पर्याप्त चिकित्सा शिविर लगवायें तथा अन्य कार्यक्रमों में भी प्राथमिक चिकित्सा हेतु समुचित व्यवस्था की जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि आयोजित किये जायें तथा विजेताओं को पुरूस्कृत भी किया जाये। सभी विद्यालयों एवं कार्यालयों में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम भी आयोजित कराये जायें। सभी पंचायत भवनों में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराये जायें। कार्यक्रमों में सभी को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाये तथा गर्व से स्वदेशी के उपयोग का संकल्प एवं आत्मनिर्भर भारत हेतु शपथ दिलायी जाये। मा0 प्रभारी मंत्री ने सम्पूर्ण जनपद के सभी आयोजनों को पूरी भव्यता के साथ आयोजित कराये जाने हेतु निर्देश दिये।

बैठक के दौरान मा0 सांसद मिश्रिख अशोक रावत, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, मा0 विधायक सिधौली मनीष रावत, मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, मा0 विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान की बंधकमुक्त जमीन पर भी वसूली की जालसाजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




### एसबीआई सांडा शाखा प्रबंधक ने किसान की बुलेट उठा ले वसूले 20 हजार, राजस्व अभिलेखों में भूमि पहले से बंधकमुक्त

सकरन (सीतापुर)। किसानों की पीड़ाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं कभी खाद बीज की किल्लत तो कभी फर्जी वसूली की मार। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है एसबीआई शाखा सांडा से, जहां बैंक कर्मियों की दबंगई और अवैध वसूली का नंगा खेल उजागर हुआ है। ग्राम किरतापुर निवासी किसान सियाराम पुत्र हीरालाल ने शाखा से केसीसी ऋण लिया था, जिसे उसने पूर्ण रूप से जमा कर डिस्चार्ज प्रमाणपत्र भी प्राप्त कर लिया। यही नहीं, राजस्व विभाग के अभिलेख (खतौनी) में भी स्पष्ट रूप से दर्ज है कि भूमि अब बंधक-मुक्त है। लेकिन इसके बावजूद, हाल ही में शाखा प्रबंधक ने अपनी मनमानी दिखाते हुए किसान के घर से उसकी बुलेट मोटरसाइकिल उठा ली और 20 हजार रुपये लेकर वापस की। किसान सियाराम का कहना है कि उसने ऋण जमा करने के बाद नॉड्यूज प्रमाणपत्र के आधार पर एक्सिस बैंक बिसवां से नया ऋण भी प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद एसबीआई शाखा सांडा की ओर से वसूली नोटिस भेजी जा रही है, जो पूरी तरह अवैध व नियमविरुद्ध है।

इस दबंगई से परेशान किसान और उसका परिवार सदमे में हैं। सवाल यह है कि जब जमीन बंधकमुक्त है, तो आखिर बैंक कर्मचारी किस अधिकार से वसूली कर रहे हैं?

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे रवैये से किसान भयभीत हैं और यह कृषक सम्मान के साथ खुली धोखाधड़ी है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागेगा और दोषी बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी। बंधकमुक्त भूमि पर वसूली और किसान की बुलेट उठाना यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सीधी गुंडई है।'' ग्रामीणों का बयान यह मामला अब प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग कर रहा है, ताकि किसानों को बैंक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके और दोषियों को मिले कड़ी सजा।

## पेंशनरों के लिए सुविधा– डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की व्यवस्था लागू

सीतापुर । वरिष्ठ कोषाधिकारी ने कोषागार कार्यालय सीतापुर से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेश दिनांक 03 नवम्बर 2006 के द्वारा कोषागार/राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से जीवित प्रमाण-पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही शासन एवं निदेशालय कोषागार उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पेंशनरों को ऑनलाइन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट भी देने की व्यवस्था की गयी है। पेंशनरों को अनावश्यक रूप से मुख्यालय पर आने की आवश्यकता नहीं होगी। सम्बन्धित बैंक अपने स्तर पर प्राप्त जीवित प्रमाण पत्रों को प्रत्येक सप्ताह संकलित कराकर कोषागार सीतापुर को विशेष वाहक के माध्यम से भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे। सम्बन्धित बैंक से यह अपेक्षित है कि पेंशनरों/वरिष्ठ नागरिकों को युक्ति युक्त सुविधा उपलब्ध करायें। कोषागार में उपस्थित होकर जीवित प्रमाण-पत्र जमा करने वाले पेंशनरों को अपने साथ पहचान पत्र जैसे-आधार कार्ड, पैन कार्ड व फोटोयुक्त पासबुक मूलरूप में प्रस्तुत करना होगा। जीवित प्रमाण-पत्र कार्यालय कोषागार से निःशुल्क प्राप्त करें।

# छठ घाटों पर सुरक्षा व स्वच्छता के हो पुख्ता इंतजाम : जिलाधिकारी

**एजेंसी**

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में शनिवार को आगामी छठ पर्व को लेकर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ तैयारियों का बैठक कर जाएज़ा लिया। जनपद के सभी प्रमुख छठ पूजा स्थलों पर सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतज़ाम कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप सभी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित होना चाहिए। इसी क्रम में नगर निगम, जल निगम, केस्को, स्वास्थ्य विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी अपने-अपने नामित स्थलों का आज ही स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट दें।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, सड़क मरम्मत, मोबाइल टॉयलेट, बैरिकेडिंग, पार्किंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था दुरुस्त हो। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का संचालन एक ही बिंदु से किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी प्रमुख घाटों पर संयुक्त कंट्रोल रूम बनाया जाए, जहां से सीसीटीवी कैमरों और ध्वनि प्रसारण प्रणाली की निगरानी हो। अपर जिलाधिकारी (नगर) को निर्देशित करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस वार्डन की ड्यूटी भी घाटों पर लगाई जाए। वहीं अपर नगर आयुक्त को प्रकाश व्यवस्था, साइन बोर्ड, चेंजिंग रूम और शौचालयों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि हर घाट पर स्वास्थ्य शिविर और एम्बुलेंस तैनात हों साथ ही अस्पताल 24 घंटे एक्टिव मोड में रहें। जिलाधिकारी ने चेतावनी भी दी हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर सख़्त कार्रवाई तय है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से आयोजनकर्ताओं के साथ सतत संवाद बनाए रखने को कहा और श्रद्धालुओं से भी अपील हैं कि प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं में सहयोग करें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर अनुभव सिंह, अपर नगर आयुक्त आवेश खान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विपक्षियों ने लाठी–डंडा व धारदार हथियार से किया हमला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र मे गाव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर कर दिया था तथा जान से मारने की ऐलानिया धमकी भी दे डाली है। रजनी देवी पत्नी रत्न लाल निवासी हसनापुर थाना फ़रधान जनपद खीरी के साथ बीते दिनों 21/10/2025 को सुबह 10 बजे गांव के ही निवासी मोनू वर्मा, आदेश वर्मा, रामज्ञान पुत्रगण सत्यवीर व सत्यवीर पुत्र रामगुलाम चारों लोगों ने मिलकर प्रार्थीनी के घर पर आकर हमला किया जिसमें विपक्षी लोग लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर प्रार्थीनी व उसके बेटे अरविंद व पति रतनलाल के को काफी बुरी तरीके से मारा पीटा व धारदार हथियार दिखाते हुए जान से मार देने की धमकी दी तथा जातिसूचक गालियां कोरी आदि कहकर गंदी गंदी गलियां देते हुए एलानिया धमकी देकर मौके से भाग निकले।

प्रार्थीनी का बेटा अरविंद पुत्र रतनलाल प्रार्थना पत्र थाना फ़रधान लेकर पहुंचा तो उसका प्रार्थना पत्र नहीं लिया गया और अपने मन से मनगढ़ंत कहानी बना कर द्वदन् दर्ज हल्की धाराओं में दर्ज की और मेडिकल भी पुलिस ने नॉर्मल तरीके से करवाया उसके बाद प्रार्थीनी के अंदरूनी चोटों के कारण काफी ज्यादा हालत खराब होने पर 24/10/2025 को सी एच सी फ़रधान ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल मोतीपुर रेफर कर दिया जहां प्रार्थीनी का इलाज चल रहा है। प्रार्थीनी व उसके परिवार के लोग काफी डरे हुए हैं कही उनके साथ कोई गंभीर घटना न घट जाए।

# कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु 29 अक्टूबर तक करें ऑनलाइन बुकिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु बुकिंग की अंतिम तिथि घोषित

### कृषक भाइयों को आधुनिक कृषि उपकरण दिलाने की दिशा में सरकार का प्रयास

सीतापुर (ब्यूरो)। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कृषि डोन, अन्य एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर, फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यंत्र एवं अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण पर अनुदान प्राप्त करने हेतु दिनांक 29-10-2025 रात्रि 12 बजे तक बुकिंग दर्शन पोर्टल-2 के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की है कि अपनी आवश्यकतानुसार अधिक से अधिक संख्या में कृषि यंत्रों की बुकिंग कर कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करें। लाभार्थियों/कृषकों द्वारा निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा। रु0 10001.00 से 100000.00 तक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु बुकिंग धनराशि रु0 2500. 00 होगी तथा 100001.00 से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु बुकिंग धनराशि रु0 5000.00 होगी। ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले कृषकों को बुकिंग की धनराशि वापस कर दी जायेगी।


## किसान की बंधकमुक्त जमीन पर भी वसूली की जालसाजी!

सकरन (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । किसानों की पीड़ाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं कभी खाद बीज की किल्लत तो कभी फर्जी वसूली की मार। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है एसबीआई शाखा सांडा से, जहां बैंक कर्मियों की दबंगई और अवैध वसूली का नंगा खेल उजागर हुआ है। ग्राम किरतापुर निवासी किसान सियाराम पुत्र हीरालाल ने शाखा से केसीसी ऋण लिया था, जिसे उसने पूर्ण रूप से जमा कर डिस्चार्ज प्रमाणपत्र भी प्राप्त कर लिया। यही नहीं, राजस्व विभाग के अभिलेख (खतौनी) में भी स्पष्ट रूप से दर्ज है कि भूमि अब बंधक–मुक्त है। लेकिन इसके बावजूद, हाल ही में शाखा प्रबंधक ने अपनी मनमानी दिखाते हुए किसान के घर से उसकी बुलेट मोटरसाइकिल उठा ली और 20 हजार रुपये लेकर वापस की। किसान सियाराम का कहना है कि उसने ऋण जमा करने के बाद नॉड्यूज प्रमाणपत्र के आधार पर एक्सिस बैंक बिसवां से नया ऋण भी प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद एसबीआई शाखा सांडा की ओर से वसूली नोटिस भेजी जा रही है, जो पूरी तरह अवैध व नियमविरुद्ध है।

इस दबंगई से परेशान किसान और उसका परिवार सदमे में हैं। सवाल यह है कि जब जमीन बंधकमुक्त है, तो आखिर बैंक कर्मचारी किस अधिकार से वसूली कर रहे हैं? ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे रवैये से किसान भयभीत हैं और यह कृषक सम्मान के साथ खुली धोखाधड़ी है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागेगा और दोषी बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी। बंधकमुक्त भूमि पर वसूली और किसान की बुलेट उठाना यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सीधी गुंडई है।'' ग्रामीणों का बयान यह मामला अब प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग कर रहा है, ताकि किसानों को बैंक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके और दोषियों को मिले कड़ी सजा।


## थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली देहात सीतापुर में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए।
??इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धौरहरा में मिली महिला की लाश, गले पर कटे के निशान से हत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

धौरहरा (खीरी) कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्राम पंचायत सरसवा चौराहे से करीब 400 मीटर आगे सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखकर तत्काल धौरहरा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रारंभिक जांच में महिला की पहचान नीलम यादव (उम्र 25 वर्ष), पत्नी श्याम यादव, निवासी ग्राम वाली, थाना धौरहरा के रूप में हुई है। शव रेहुवाऽसरसवा मार्ग पर एलिमेंट्री स्कूल के पास बरामद हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला के गले पर धारदार हथियार से कटे हुए गहरे निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका प्रबल हो गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर थाना धौरहरा की टीम घटना स्थल पर सघन जांच कर रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध संबंधों के चलते हत्या का प्रतीत हो रहा है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने कई महत्वपूर्ण साक्ष्यों को अपने कब्जे में लिया है, जिनके आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, सुबह करीब सात बजे कुछ बच्चों ने सड़क किनारे महिला का शव देखा और गांव में सूचना दी। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। महिला के शव की पहचान होते ही ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।थाना प्रभारी धौरहरा ने बताया कि घटना की हर कोण से जांच की जा रही है।

# हर वर्ष की भांति कार्तिक पूर्णिमा को लगने वाला ढुठवा मेला राजापुर गांव के पास ही लगेगा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा खीरी । खंड विकास अधिकारी ईसानगर धनप्राप्त यादव व थाना ईसानगर प्रभारी निर्मल तिवारी ने किया मेला स्थल, स्नान घाट का निरीक्षण घाघरा नदी की रेतीली भूमि में लगने वाले ढुठवा मेले के आवागमन के रास्तों को समतल बनाने के लिए गरज रही जेसीबी मशीन रास्तों की सफाई व रास्तों के किनारे लगे पेड़ की झुकी डालों को छांटने की प्रक्रिया शुरू की गई गंगा स्नान के बनाये गये घाट का अधिकारी द्वय ने निरीक्षण कर पानी की गहराई व घाट के ढलान का जायजा लेते हुए बेहतर बनाने कवायद तेज बीडीओ धनप्राप्त यादव ने बताया कि आवागमन व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये जा रहे है । थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की चाकचौबंद व्यवस्था रहेगी ।

# सीएम के आगमन से पहले हलचल तेज, कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने की तैयारियों की समीक्षा, लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । सीएम योगी आदित्यनाथ के संभावित जनपद भ्रमण से पहले लखीमपुर खीरी प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शनिवार को सीएम के आगमन की तैयारियो का जायजा लेने लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत स्वयं लखीमपुर पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने उनके जनपद आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इसके बाद कमिश्नर ने अफसरों के साथ

कबीरधाम आश्रम मुस्तफाबाद का सीधा रुख किया, जहां सीएम का कार्यक्रम संभावित है। कमिश्नर ने हेलीपैड से लेकर मंच तक हर व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की। पार्किंग, सुरक्षा, यातायात, सेफ हाउस और बैठक व्यवस्था पर उन्होंने अधिकारियों से सीधी रिपोर्ट ली। साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत और सजावट को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए कि कोई कमी नहीं रहनी चाहिए, सब कुछ समय से और मानक के अनुरूप तैयार हो। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आयुक्त ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मौके पर संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, मंच और बैठक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, युगांतर त्रिपाठी, सीओ रमेश कुमार तिवारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी कमिश्नर को दी।

# जहर पीकर युवक ने पुलिस पर पैसे मांगने का लगाया आरोप

**घटना का वीडियो वायरल, मचा हड़कंप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में एक युवक ने शुक्रवार देर शाम थाने में जहरीला पदार्थ खाकर हंगामा कर दि या,युवक शराब के नशे में धुत होकर नवाबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एक युवक से मारपीट कर र हा था।नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची तो युव क अपनी मोटरसाइकिल वहीं छोड़कर भाग ग या।पुलिस ने मोटरसाइकिल थाने में जमा करा दी।नवाबगंज थाना क्षेत्र के घूसे तिवारी पुरवा गांव निवासी हरिओम तिवारी (22) मोटरसाइ किल छुड़ाने थाने पहुंचा।जब गाड़ी नहीं मिली तो वह पास के मेडिकल स्टोर से कीटनाशक खरीद लाया।थोड़ी मात्रा पीने के बाद वह बोत ल लेकर थाने पहुंचा और पुलिसकर्मियों से बह स करने लगा।गाड़ी वापस न मिलने पर उसने थाने के गेट के बाहर ही कीटनाशक पी लिया और दोबारा अंदर जाकर हंगामा शुरू कर दिया उसकी हालत बिगड़ने पर पुलिसकर्मियों ने त त्काल उसे गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया,अ स्पताल में भर्ती के दौरान उसे होश आया तो उसने इमरजेंसी वार्ड में भी हंगामा कर दिया।हरिओम का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने मो टरसाइकिल छोड़ने के लिए चार हजार रुपए की मांग की थी।उसने कहा,जब हम थाने पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने गाड़ी देने से मना कर दिया और चार हजार रुपए मांगे। परेशान होकर हम ने जहर खा लिया।इमरजेंसी में मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद उसे शांत किया।फिलहाल हरिओम तिवारी का इलाज गों डा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।इस बीच, ह रिओम तिवारी द्वारा युवक से की गई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मामले पर गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा युवक नवाबगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एक व्यक्ति से मारपीट कर रहा था।पुलिस के पहुंचने पर वह भाग गया, जबकि मोटरसाइकिल मौके पर ही थी जिसे थाने लाया गया।इसके बाद युवक ने खुद कोई पदार्थ खाकर थाने में हंगामा किया।पैसे मांगने का आरोप पूरी तरह निराधार है।फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में उपचार के दौरान दो वर्षीय गणेश उर्फ डुग्गू ने तोड़ा दम



गोण्डा। बलरामपुर मार्ग पर गिलौली शुक्ल पुरवा गांव के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में इला ज के दौरान दो वर्षीय मासूम गणेश उर्फ डुग्गू की भी मौत हो गई है। हालत गंभीर होने पर गोंडा से लखनऊ गणेश को रेफर किया गया था,जहां लखनऊ के चंदन अस्पताल में इलाज के दौरान आज सुबह गणेश ने दम तोड़ दिया।गौरतलब है कि इस हादसे में मां आंचल श्रीवा स्तव और चाचा नीरज श्रीवास्तव की पहले ही मौत हो चुकी है। इस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।परिवार के लोग इस सद मे से उबर नहीं पा रहे हैं।हादसे के बाद से ही परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में भी शोक की लहर है।प्रशासन ने भी इस हादसे पर दुख जताया है और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# वालीबाल प्रतियोगिता में कुंदरखी चीनी मिल विजेता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के ईस्ट जोन की वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोज न 24 को कुन्दरखी यूनिट में किया गया,जिसमें पूरे जोन की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में कुन्दरखी शुगर,उतरौला शुगर यूनिट,रुधौली शुगर यूनिट,प्रतापपुर शुगर यूनिट और रुधौली डिस्टिलरी यूनिट ने प्रतिभाग कि या है।यह जानकारी देते हुए बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी यूनिट के इकाई प्रमुख पी.एन.सिंह ने बताया कि यह आयोजन विभि न्न इकाइयों के बीच एकता, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने हेतु रहा। जिसमे रोमांचक मुकाबले के बाद कुन्दरखी शुगर यूनिट गोंडा विजेता एवं उतरौला यूनिट बलरामपुर उपविजेता बनी।इस अवसर पर यू निट हेड कुन्दरखी पी.एन. सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कार व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुखवंत सिंह(यूनिट हेड, प्रतापपुर एन.के.शुक्ला (ज़ोनल कोऑर्डिनेटर एचआर), भूपेन्द्र प्रताप दीक्षित (सीनियर मैनेजर एचआर, कुन्दरखी) हरीश सिंह(मैनेजर एचआर,रुधौली बृजेश चन्द्र मंडल (मैनेजर एचआर, उतरौला) तथा अश्विनी कुमार(एजीएम एचआर,प्रतापपुर आदि उपस्थिति रहे।

# पापा ने मम्मी को चाकू घोंपा,फिर हथौड़े से मारा

**वारदात को लेकर मासूम ने बताई बाप की दरिंदगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्ह मपुर कस्बे में शनिवार की सुबह एक दिल दह ला देने वाली वारदात ने इलाके को दहशत में डाल दिया।यहां एक व्यक्ति ने अपने आठ वर्षी य बेटे के सामने ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी,आरोपी ने पहले पत्नी पर चाकू से कई वार किए,फिर हथौड़े से सिर कुचल दिया इसके बाद बेटे को ननिहाल में छोड़कर फरार हो गयामृतका के मासूम बेटे ने रो- रो कर अपने मामा को बताया, ल्लपापा ने मम्मी को चाकू मारा, फिर हथौड़े से मारा।

मासूम बच्चे की बात सुनकर न निहाल के लोग कुछ देर के लिए सन्न रह गए। जानकारी के मुताबिक,मृतका आरती और आ रोपी गुनीराम ने करीब आठ वर्ष पूर्व प्रेम विवा ह किया था।शादी के बाद दो बच्चे हुए। बताया जा रहा है कि पिछले एक वर्ष से पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था।

### आरोपी फल का ठेला लगाकर परिवार का करता था भरण पोषण

चलता गुनीराम फल का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।जबकि आरती घर संभालती थी।पड़ोसियों के अनुसार,दोनों में झगड़े इतने आम हो चुके थे कि लोग अब बीच-बचाव भी नहीं करते थे।शनिवार सुबह अचान क दोनों के बीच विवाद बढ़ा तो आरोपी ने गु स्से में पत्नी पर हमला कर दिया।हत्या के बाद गुनीराम अपने बेटे को ससुराल छोड़कर फरार हो गया।घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरें सिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस सन सनीखेज वारदात से इलाके में दहशत और आ क्रोश का माहौल है।

### जल्द होंगी आरोपी की गिरफ्तारी

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।टीमों को संभावित ठि कानों पर भेजा गया है।जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छठ पर्व को लेकर डीएम दीपक मीणा व एसएसपी राज करन नय्यर ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**निरीक्षण करते हुए वहां की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, घाटों तक जाने वाले मार्गों की स्थिति, पार्किंग स्थल, भीड़ नियंत्रण की रणनीति, जलस्तर की सुरक्षा व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग की स्थिति का जायज़ा लिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। आगामी लोकआस्था के महापर्व छठ को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जनपद गोरखपुर के जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने शनिवार को थाना चौरी चौरा क्षेत्रान्तर्गत तरकूलहा माता मंदिर पोखरा घाट व भोपा बाजार/मुण्डेरा बाजार पोखरा घाट का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

दोनों शीर्ष अधिकारियों ने घाटों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए वहां की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, घाटों तक जाने वाले मार्गों की स्थिति, पार्किंग स्थल, भीड़ नियंत्रण की रणनीति, जलस्तर की सुरक्षा व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने नगर निगम, जलकल एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पूजा के दौरान घाटों पर पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ महिलाओं एवं वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा की व्यवस्था की जाए ताकि किसी को कोई असुविधा न हो।वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक घाट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। साथ ही, भीड़ नियंत्रण एवं ट्रैफिक प्रबंधन के लिए प्रभावी प्लानिंग तैयार की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की जाए और ड्रोन कैमरे या सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जाए।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने संबंधित राजपत्रित अधिकारी, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा, थाना प्रभारी चौरी चौरा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और कहा कि विभागों के बीच समन्वय ही त्योहार की सफलता की कुंजी है। उन्होंने अपील की कि श्रद्धालु प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए छठ पर्व को शांतिपूर्वक और श्रद्धा के साथ मनाएं।

# शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता पर जोर, समाधान दिवस आयोजित



**एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने दिए शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। शनिवार को कोतवाली नानपारा परिसर में एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गईं। समाधान दिवस के दौरान कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जाँच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने महिला अपराध संबंधी शिकायतों की जाँच को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह, कोतवाल नानपारा, राजस्व अधिकारी/कर्मचारीगण सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# तुलसी विवाह के दिन 108 कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**तैयारियाँ जोरों पर हैं और आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप देने की कवायद चल रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला, गोरखपुर। तुलसीविवाह के पावन अवसर पर इस वर्ष भी गोला क्षेत्र में महाकन्यादान का भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्री अश्रुजी वैष्णवी माता सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में 2 नवम्बर को 108 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा।

तैयारियाँ जोरों पर हैं और आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप देने की कवायद चल रही है। सामूहिक विवाह के आयोजक दुर्गेश मदन यादव ने बताया कि बीते वर्ष की तरह इस बार भी तुलसी विवाह के शुभ पर्व पर कन्याओं का विवाह पूर्ण वैदिक रीति-विधान से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल विवाह नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देने का प्रयास है कि ल्लबेटियां बोझ नहीं, बुनियाद हैं।ङ्कउन्होंने बताया कि प्रत्येक कन्या की विदाई पिछले वर्ष की भांति बाइक, बेड, बक्सा, आलमारी व अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री के साथ की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक दुर्गा प्रसाद यादव एवं प्रमुख सहयोगी श्रीकृष्ण मदन दुबे ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कर समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करना है।आयोजन समिति ने समाज के सभी वर्गों से इस पुण्य कार्य में सहयोग देने और सहभागी बनने की अपील की है, ताकि यह सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक एकता और सेवा का प्रतीक बन सके।

# धारा-24 के लम्बित वादों के निस्तारण हेतु गांव गांव-पहुंच रही हैं राजस्व टीमें

**डीएम की अभिनव पहल पर वादों के निस्तारण के लिए जिले में संचालित है अभियान**

**142 वादों का किया गया निस्तारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अभिनव पहल पर विगत 03 वर्षो में धारा-24 के निस्तारित राजस्व वादो में पक्की मेड़बन्दी हेतु लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु समस्त तहसीलों में अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अन्तर्गत पक्की मेड़बन्दी हेतु लम्बित मामलों का निस्तारण कराये जाने हेतु राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गांव-गांव जाकर मौके पर ही वादों का निस्तारण करा रही है।जिलाधिकारी के निर्देश पर 15 अक्टूबर से संचालित अभियान अन्तर्गत उप जिलाधिकारी कैसरगंज, उप जिलाधिकारी कैसरगंज न्यायिक, उप जिलाधिकारी नानपारा, उप जिलाधिकारी नानपारा न्यायिक, उप जिलाधिकारी पयागपुर, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक, उप जिलाधिकारी महसी, उप जिलाधिकारी महसी न्यायिक तथा उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा द्वारा गांव-गांव जाकर मेड़बन्दी हेतु लम्बित 142 मामलों का निस्तारण कराया गया है। डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित को यह भी निर्देश दिया गया है कि धारा-24 के सभी वाद ऑनलाइन दर्ज कर लिए जाए तथा लम्बित वादो में समय से सभी सीमांकन आख्या प्राप्त कर राजस्व वादो का समयान्तर्गत निस्तारण कर मेड़बन्दी करा दी जाये ताकि अभियान के उपरान्त कोई भी मेड़बन्दी के प्रकरण लम्बित न रहें।

# व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष की माँ को दिया गया श्रद्धांजलि

**श्राद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्यरूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह,खण्ड शिक्षा अधिकारीगण रोहित पाण्डेय, जयप्रकाश, उदयशंकर राय,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । व्यापार मंडल सूर्यकुंड के उपाध्यक्ष व प्रसिद्ध व्यापारी कृष्णचंद गुप्ता की माता सुधा देवी को 25 अक्टूबर शनिवार को श्राद्ध के अवसर पर समाज के विभिन्न विभूतियों ने श्राद्धाजंलि अर्पित किया ।

ज्ञात हो कि 72 वर्ष की उम्र में सुधा देवी देहांत 13 अक्टूबर सोमवार को निज आवास सूर्यकुंड कॉलोनी में हो गया । स्वर्गीया सुधा देवी के पति स्वर्गीय सुरेश चंद गुप्ता जो बेसिक शिक्षा परिषद गोरखपुर में लेखाकार पद पर कार्यरत थे का आकस्मिक देहावसान 2005 में हो चुका है । इनके पड़े पुत्र कृष्ण चंद गुप्ता सूर्यविहार व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष है ,दूसरे पुत्र प्रेमचंद गुप्ता बेसिक शिक्षा परिषद गोरखपुर में कनिष्ठ लिपिक ,तृतीय पुत्र पंकज गुप्ता प्रसिद्ध व्यवसायिक व चौथे पुत्र ई मनीष गुप्ता अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता है । तथा पौत्र अक्षत गुप्ता व प्रांजल गुप्ता तथा बहू नेहा गुप्ता सरसस्वती शिशु मंदिर सूर्यकुंड में अंग्रेजी की प्रवक्ता है ।

श्राद्धाजंलि अर्पित करने वालों में मुख्यरूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह,खण्ड शिक्षा अधिकारीगण रोहित पाण्डेय, जयप्रकाश, उदयशंकर राय,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय,अध्यक्ष जंगल कौड़िया अजय सिंह,जिला संयुक्त मंत्री योगेश शुक्ल,अध्यक्ष कैम्पियरगंज डॉ आशुतोष मिश्र,मंत्री खोराबार अरबिंद पाण्डेय,चंदन मिश्र,मनीष सिंह,कौशल कुशवाहा,नंदकिशोर राय ,आलोक मणि त्रिपाठी, रामनाथ गुप्ता ,अकित श्रीवास्तव,पार्षद आलोक सिंह,प्रो.फ़ेसर मनोज श्रीवास्तव, केवी गुप्ता सहित अनेकों गणमान्य थे ।

## खंड विकास अधिकारी से की शिकायत, जांच की मांग

गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के मझगावां निवासी विनय सिंह पुत्र स्व परशुराम सिंह खंड विकास अधिकारी गगहा को शिकायती पत्र देकर स्थानीय ग्राम प्रधान पर करवल मंदिर परिसर में बने शौचालय निर्माण में अनिमितता बरतने का आरोप लगाया है। खंड विकास अधिकारी को दिये पत्र में विनय सिंह ने लिखा है कि ग्राम प्रधान द्वारा मंदिर परिसर में शौचालय के निर्माण के मद में एक लाख तीस हजार रूपये का भुगतान कराया गया है।जबकि शौचालय की दीवार मंदिर में रखे गये पुराने ईंट बनाया गया है वहीं शौचालय की छत भी पक्का नहीं है। शौचालय के उपर टीनशेड डालकर छोड़ दिया गया है। शिकायतकर्ता विनय सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत सुनील यादव का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है। जांच के लिए अधिकारी नामित किया गया है।

# सरदार पटेल की जयंती पर जिले में पदयात्राओं सहित होंगें कई कार्यक्रम: वित्त मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जनपद में पदयात्राओं सहित कई जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि आगामी 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है। यह पहल प्रधानमंत्री जी के ल्लजनभागीदारी से राष्ट्र निर्माणङ्क के विजन से प्रेरित है। अभियान के तहत मुख्य पदयात्राओं के साथ-साथ कई प्री-इवेंट गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जिनमें निबंध, वाद-विवाद, सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, यंग लीडर्स प्रोग्राम, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्त भारत शपथ, स्वदेशी मेला, योग एवं हेल्थ कैंप, और स्वच्छता अभियान जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी। बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एक भव्य पदयात्रा गुजरात के करमसद से लेकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक निकाली जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान अभियान का पोस्टर विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने अभियान से संबंधित पीपीटी व वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रमों का आयोजन ल्लमाय भारत पोर्टलङ्क के माध्यम से किया जाएगा। जिसमें एनएसएस, एनसीसी, युवा कल्याण, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहेगा। प्रेसवार्ता में एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, विधायक ददरौल अरविंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख खुटार नामित दीक्षित, युवा कल्याण अधिकारी, डीपीओ नमामि गंगे सोनम सचान, हिमांशु सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# भगवान को प्राप्त करने के लिये बनावट और दिखावट की आवश्यकता नही : आचार्य शान्तनु जी महाराज

## गौरीगंज विधायक के आवास पर चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रोताओं की उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी ।विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा को अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने जन्मोत्सव की बधाई के साथ प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि जब भगवान प्रगट हुये तो देवता भी आकाश मार्ग से पुष्प की वर्षा करने लगे और अयोध्या के नागरिक भगवान के दर्शन के लिए दौड़ पड़े इसी प्रसंग के अंतर्गत महाराज जी ने अयोध्या वासियों का उदाहरण देकर भगवान के दर्शन की आचार संहिता बताई कि जो जैसैई तैसेइ उठि धावा। भगवान को प्राप्त करने के लिये किसी भी प्रकार की बनावट दिखावट की आवश्यकता नही है आप जैसे हो उसी प्रकार से बस परमात्मा को पाने के लिये दौड़ जाओ और भजन में भक्ति में परमार्थ में स्वार्थी होना ही पड़ता है और जो जितना भजन में स्वार्थी हो जाता है संसार के व्यवहार में परमार्थी हो जाता है। कथा व्यास ने भगवान की बाल लीलाओं का श्रवण कराते हुये उनके रूप दर्शन का वर्णन किया भगवान का रूप सर्वांग मधुर ही मधुर है। वल्लभाचार्य जी के मधुराष्टकं से महाराज जी ने भगवान के रूप सौंदर्य का वर्णन किया नामकरण संस्कार की चर्चा करते हुये कथा व्यास ने कहा कि नाम संतों से शास्त्रों से बड़े बुजुर्गों से विद्वानों से पूंछकर ही रखना चाहिये क्योंकि हमारे यहां पुरानी कहावत है यथा नाम तथा गुणः नाम से ही पालक में किस प्रकार के गुणों का निर्माण होने लगता है इसीलिए वशिष्ठ जी ने चारों भाइयों का नामकरण विशेष प्रकार से किया महाराज जी ने भारत के प्राचीन महान वैदिक गुरुकुल शिक्षा परंपरा के ऊपर भी प्रकाश डाला कि भगवान चारों भाइयों के सहित गुरुकुल में पढ़ने गए इसलिए आज भी वह गुरुकुल वैदिक परंपरा प्रासंगिक है क्योंकि आज हम शिक्षित तो बना पा रहे हैं समझदार नहीं बना पा रहे हैं शिक्षा और समझदारी में अंतर है और नए भारत का निर्माण यदि करना है शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की भी अत्यंत आवश्यकता है।विधायक के बड़े भाई मुकेश प्रताप सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया।इस मौके पर बाबू तेज प्रताप सिंह,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ काशी प्रांत के सह प्रचारक सुनील जी, गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, जगदीशपुर के ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी, काशी प्रसाद तिवारी,सुधांशु शुक्ला,सतीश पाण्डेय, ब्रजेश सिंह, रुपेश, आशुतोष सिंह, आशीष सिंह, मनीष सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,राम सुंदर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, धीरु सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ राम जी, डॉ अर्जिता सिंह समेत हज़ारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# विकसित भारत का सपना महिलाओं बिना नही होगा साकार : डॉ अमरपाल मौर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को महिला मोर्चा द्वारा भव्य महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ.अमर पाल मौर्य ने कहा कि महिलाओं की सहभागिता के बिना विकसित भारत 2047 का सपना साकार नहीं हो सकता। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम योजनाएं लागू की हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत बनाने में बड़ी भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा बैंक सखी योजना के माध्यम से देश भर में तीन करोड़ से अधिक बहनें ल्लखपति दीदील्ल बनकर सशक्त भारत की प्रतीक बन चुकी हैं।सांसद ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं आज छोटे- छोटे व्यवसाय कर अपने परिवार के साथ बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में भी अग्रणी हैं। यह भी कहा पहले की सरकारें अमीर और गरीब में भेद करती थी।हमारी सरकार में महिलाओं व गरीबों की बिना जाति धर्म देखें सबकी मदद की जाती है। उन्होंने उपस्थित माताओं-बहनों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। कहा मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया को बढ़ावा देने से भारत आगे बढ़ेगा। पत्रकारों से बातचीत में बिहार विधानसभा चुनाव पर महा गठबंधन द्वारा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद डॉ. अमरपाल मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल एक परिवार की पार्टी है, जहाँ मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घर के लोग तय करते हैं। जबकि लोकतंत्र में निर्णय जनता करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी एनडीए की ही सरकार बिहार में बनेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रस्तावना रखते हुए मुख्य अतिथि व मौजूद सभी लोगों का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस मौके पर एमएलसी शैलेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, बबिता तिवारी, डॉ प्रीति प्रकाश, अनीता पाण्डेय, विजय त्रिपाठी, सुनील वर्मा, जया सिंह, मधु अग्रहरि, कमला सिंह, रीना जायसवाल, कोकिला तिवारी, रचना सिंह, रेनू तिवारी, मालती मिश्रा, रेनू सिंह, सुनीता बरनवाल, रेखा बरनवाल, कुसुमलता मौर्या, मंजू तिवारी आदि समेत बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।

## मौसम बदलते ही बढ़ा बीमारियों का खतरा



बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह और नवंबर की शुरुआत में मौसम के तेजी से बदलते तेवर ने स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियाँ बढ़ा दी हैं। सुबह–शाम ठंडी हवाओं और दिन में हल्की गर्मी के बीच तापमान के उतार–चढ़ाव से सर्दी–जुकाम, नजला, बुखार और खांसी जैसी मौसमी बीमारियाँ फैलने लगी हैं। डॉक्टर अजय प्रताप सिंह का कहना है कि अगर सावधानी नहीं बरती गई, तो छोटे रोग बड़े संकट का रूप ले सकते हैं। डॉक्टर ने दी सावधानी बरतने की सलाह बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ0अजय प्रताप सिंह ने बताया कि इन दिनों मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं से बचाव जरूरी है। ठंडा पानी या बासी भोजन न लें और शरीर को गर्म कपड़ों से ढककर रखें। वहीं बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। डॉ0अजय प्रताप सिंह का कहना है कि मौसमी संक्रमण से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बेहद अहम है। घरों के आसपास गंदगी न होने दें, हाथ धोने की आदत बनाएं और संतुलित पौष्टिक आहार लें। हरी सब्जियाँ, ताजे फल और गर्म तरल पदार्थ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। उन्होंने स्वास्थ्यहित में लोगों से अपील की है कि लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें और स्वयं इलाज करने से बचें। विभाग ने बताया कि इन दिनों वायरल फीवर और खांसी–जुकाम के केस बढ़ रहे हैं, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही से बचें ।

## पड़ोसी से पानी निकासी को लेकर हुऐ विवाद मे किसान नेता ने किया थाने गेट पर हंगामा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में पानी के निकास को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच विवाद हो गया एक पक्ष ने दूसरे पर पानी का बहाव रोकने का आरोप लगाया किसान नेता रामकुमार प्रजापति ने पुलिस को शिकायत कि उनके पड़ोसी ने घर से निकलने वाले पानी का रास्ता रोक दिया है इससे उनके घर के बाहर गंदा पानी जमा हो गया है राम औतार ने इन आरोपों का गलत बताते हुये कहा कि किसान नेता के नल का पानी सीधे उनके घर की ओर आता है इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई दोनों पक्षो ने कोतवाली पहुंचकर और एक–दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो किसान नेता थाने गेट पर लेट गये और पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाया वही प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने बताया दोनो पक्षो मे समझौता हो गया है।

## उपनिबन्धक की मिली भगत से भाई ने भाई की जमीन हड़प ली जमीन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सगे भाई ने धोखाधड़ी करके अपने भाई की जमीन का दान पत्र करा लिया वह उसको बैनामें में गवाही देने के बहाने रजिस्ट्री कार्यालय ले गया था। और दान पत्र के फर्जी कागजात पहले से तैयार कर उसकी जमीन अपने पुत्र और नाती के नाम करा लिया आरोप है।कि उपनिबंधक की मिलीभगत से यह सब हुआ है।मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली पहुंचकर कर न्याय की गुहार लगाई पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में रहने वाले इफ्तिखार खान ने थाना समाधान दिवस मे शिकायत पत्र देकर बताया कि वह शेरपुर कलां का मूल निवासी हैं। उसकी जमीन इस्लामनगर और मटरूनगर की बीच आबादी मे है। 04–10–2025 को उसका भाई रईसुल हसन खा बैनामें में गवाही के बहाने से उसे रजिस्ट्री कार्यालय ले गया उन्होंने भाई के कहने पर दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए कुछ दिन बाद पता चला कि भाई ने उसके साथ छल करके उसके नाम की संपत्ति का दान पत्र अपने नाम करा लिया जिसकी शिकायत उन्होंने अपने भाई रईसुल से की पीड़ित का आरोप है। कि इसी बात पर उसका भाई झगड़ा करने पर उतारु हो गया 04 अक्टूबर को मुख्तारनामा के अनुसार उनकी संपत्ति का दान पत्र मे अपने पुत्र जावेद खा और नाती आरिश अहमद खा के नाम पर कर दिया जिसमें पता होने पर पीड़ित रजिस्ट्री कार्यालय से बैनामा की नकल निकलवाई जिसमें जमीन नाम होना पाया गया पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों पर कार्रवाई के करने का आश्वासन दिया है।शिकायती पत्र मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## मंडी सचिव के पास दो जगह का प्रभार माफियाओं से मिलीभगत का किसान नेता ने लगाया आरोप हटाने की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषि उत्पादन मंडी समिति सचिव सर्वेश शुकला के पास मंडी समिति पूरनपुर के अलावा जनपद शाहजहांपुर की पुवायां मंडी समिति का भी अतिरिक्त चार्ज है।जिससे पूरनपुर मंडी समिति के किसानों का कार्य प्रभावित हो रहा है।तथा साथ ही आप के संज्ञान में यह भी लाना है। कि पूरनपुर मंडी सचिव काफी समय से तैनात है।जिससे सचिव की धान माफियाओं व व्यापारियों तथा राइस मिलर्सो से मिलीभगत से धान की सीधी खरीद हो रही है।मंडी समिति में नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया से धान की खरीद नही हो रही है।राइस मिलों पर किसान कई प्रकार की अवैध कटौतियों से औने –पौने दामों पर धान बेचने को मजबूर हैं।किसान नेता मंजीत सिंह ने कहा कि मंडी सचिव को तत्काल प्रभाव से पूरनपुर से हटाया जाए।

## पूरा परिवार गया दिवाली की छुट्टी बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना परिषदीय विद्यालय के अध्यापक के घर से सोना और नकदी लेकर चोर फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के सिरसा रोड स्थित शिव कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया जब परिजन वापस आये थे तो मकानमालिक और किरायेदार दोनो के नकदी और जेवर पार कर दिए सिरसा रोड के शिव कॉलोनी की रहने वाले कौशल देव पुत्र नत्थूलाल और अजय कुमार जो कि दोनो ही सरकारी अध्यापक है के घर अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर नकदी,सोने के जेवर चोरी कर लिया कौशल देव ने बताया कि वह परिवार के साथ 19 अक्टूबर को घर बंद करके अपने पैतृक गांव गया थी जब वापस आया तो मेन गेट का ताला टूटा मिला और जब घर मे देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था जेवर और नगदी चोरी होना पाया जिसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस आई और वीडियो बनाकर लौट गई पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने बताया है कि पुलिस घटना की जांच कर मुकदमा दर्ज करेगी इस घटना से लोगो मे काफी डर देखा जा रहा चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगो मे रोष व्याप्त भी है और पुलिसिया गश्त पर सवालिया निशान।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राष्ट्र की एकता अखण्डता और समरसता के प्रतीक भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की एक सौ पचासवीं जन्म जयंती एवं वर्षगांठ पर इकतीस अक्टूबर से छह दिसम्बर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनजागरण एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।इस वर्ष पार्टी द्वारा विधान सभा स्तरीय पदयात्रा एक नवम्बर से पच्चीस नवम्बर तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आठ किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की जायेगी।इस यात्रा में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा, महिला मोर्चा एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।राज्य स्तरीय रोड यात्रा युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों से पांच पांच युवा प्रतिनिधि तथा मशहूर खिलाड़ी एवं यूथ आइकॉन गुजरात प्रस्थान करेंगे जहां वे सरदार पटेल जी की जन्मभूमि करमसाद में एकत्र होंगे।इसी क्रम में ल्लरन फॉर यूनिटीङ्क का आयोजन भी प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर किया जायेगा जिसमें खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों को सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है।इकतीस अक्टूबर को सभी पार्टी कार्यालयों में सरदार साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी एवं विचार गोष्ठी आयोजित होंगी।विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबंध लेखन, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी ताकि युवा पीढ़ी में राष्ट्र एकता, अनुशासन एवं समर्पण की भावना सुदृढ़ है। भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कहा कि ल्ललौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व से देश को अखण्डता की डोर में बाँधा। आज जब हम 'एक भारत ऽ श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब हमें उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश है कि राष्ट्र की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि अमेठी जिला संगठन सरदार पटेल जी की एक सौ पचासवीं जयंती को ऐतिहासिक बनायेगा। हर बूथ, हर ग्राम, हर वार्ड तक पार्टी के कार्यकर्ता 'एकता का संदेश' लेकर जायेगे। इकतीस अक्टूबर को समूचा जनपद राष्ट्र एकता के रंग में रंग जायेगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने किया।

# किसानों के दस्तावेजों का मिलान कर उर्वरक वितरण किया जाय : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शनिवार को सहकारी समिति दुलापुर कला विकास खण्ड शाहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय समिति के सचिव जितेन्द्र सिंह उपस्थित थे। समिति परिसर पर उर्वरक वितरण का कार्य चल रहा था जहां बड़ी संख्या में कृषक उर्वरक प्राप्त करने हेतु उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पाया गया कि केंद्र पर अत्यधिक भीड़ एकत्रित है। संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही, जो कृषकों को सुव्यवस्थित रूप से उर्वरक दिलवाने में सहयोग कर रही थी। मुख्य विकास अधिकारी ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए सहायक निबंधक सहकारी समितियाँ, अमेठी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद की सभी सहकारी समितियों एवं उर्वरक वितरण केंद्रों पर टोकन व्यवस्था के माध्यम से ही वितरण सुनिश्चित किया जाय ताकि अनावश्यक भीड़भाड़ एवं अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने उपस्थित कृषकों से वार्ता की और उन्हें आश्वस्त किया कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। प्रत्येक पात्र किसान को आवश्यकतानुसार उर्वरक समय से उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर शासन स्तर पर भी पत्राचार कर अतिरिक्त उर्वरक की मांग भेजी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि समितियों पर लेखपालों की ड्यूटी नियमित रूप से लगाई जाय ताकि मौके पर उपस्थित किसानों का डेटा दर्जकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी किया जा सके। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि उर्वरक केवल वास्तविक किसानों को ही उपलब्ध कराया जाय। किसानों के दस्तावेजों का मिलान कर ही वितरण किया जाय, जिससे किसी भी प्रकार की कालाबाज़ारी या अनधिकृत बिक्री की संभावना समाप्त हो सके। सीडीओ ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि हर किसान को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से उर्वरक उपलब्ध हो, जिससे रबी सत्र की बुवाई निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

## बीसलपुर पहुंचे जिलाधिकारी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का दिलाए लाभ : जिलाधिकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बीसलपुर मण्डी पहंचकर खाद्य विभाग के धान खरीद केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केन्द्र पर क्रय पंजिका, स्टॉक रजिस्टर,सुझाव पंजिका व नमी मापक यंत्र देखा। इसके साथ ही उन्होंने केन्द्र पर नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच की। साथ ही केन्द्र प्रभारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो भी किसान धान बिक्री हेतु केन्द्र पर आये उनकी तौल मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूर्ण लाभ दिया जाये। उन्होंने केन्द्र पर समस्त उपकरण व जन सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मंडी सचिव मोहम्मद नईम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन स्थल सात झाल पर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक बरही रेंज के अंतर्गत पर्यटन स्थल सात झाल पर हुई, जिसमें भारत और नेपाल के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सीमा पर सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई। अवैध गतिविधियों जैसे कि तस्करी और मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए रणनीति बनाई गई। दोनों देशों के बीच सूचना साझा करने को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। सीमा पर संयुक्त गश्ती को बढ़ावा देने के लिए सहमति बनी बैठक में प्रधान विवेकानंद सरकार ने उपस्थित होकर अपने विचार रखे हैं।बैठक में पड़ोसी देश नेपाल के अधिकारी भी उपस्थित रहे हैं।

## धान क्रय केंद्र के गेट पर पड़े ताले खुलवाने को लेकर दो किसान पक्ष आपस मे भिड़े

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर मे स्थित धान क्रय केंद्र पर शनिवार को गेट खोलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो जमकर लात घुसे ही चले,जिसमेउं दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो ओर से किसान यूनियन के अलग अलग पदकारियों आपने कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंच गये गांव कपूरपुर निवासी शोभित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार को अपना धान बेचने के लिए घान क्रय केंद्र पहुंचा इसी दौरान शेरपुर मकरंदपुर निवासी सिमरनजीत ने घान क्रय केंद्र के गेट पर ताला जड़ दिया, जिससे शोभित अपना धान अन्दर लेकर नहीं जा सका शोभित के अनुसार, जब उसने ताला खोलने को कहा, तो सिमरनजीत भड़क उठा और दोनों के बीच जमकर कहासुनी शुरू हो गई ।

# नरही न्याय पंचायत में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नरही न्याय पंचायत की प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय भाँटी के मैदान में संकुल प्रभारी मोती खान के संयोजन में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक कुड़वार के अध्यक्ष निजाम खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। शिक्षकों ने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रतियोगिता को सफल बनाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रतियोगिता परिणामः

प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में रमित (देवलपुर), सूरज (नरही) और उजैफ (हाजीपट्टी) क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। 50 मीटर बालिका वर्ग में आर्या (लंगड़ी), इकरा (देवलपुर) और अंशिका (रेवती) ने स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में राजन (देवलपुर), आर्यन सिंह (लंगड़ी) और सूरज (नरही) ने बाजी मारी, जबकि बालिका वर्ग में अंजली (रेवती), शाहिना खान (हाजीपट्टी) और शिवानी यादव (देवलपुर) ने स्थान पाया। उच्च प्राथमिक वर्ग में साहिल (भाँटी), निखिल (जासरपुर) और शनि (हाजीपट्टी) बालक वर्ग में अव्वल रहे, जबकि बालिका वर्ग में लक्ष्मी पाल (लंगड़ी), मानवी (धारूपुर) और समीक्षा (पूरे अल्पी) ने जीत दर्ज की। टीम स्पर्धाओं में कबड्डी बालक वर्ग में जासरपुर विजेता रहा, वहीं बालिका वर्ग में धारूपुर ने बाजी मारी। खो-खो बालक वर्ग में धारूपुर विजेता और भाँटी उपविजेता रही, जबकि बालिका वर्ग में कंपोजिट स्कूल लंगड़ी ने पहला स्थान हासिल किया।निर्णायक में हरिकेश सिंह ,फूल चंद्र,परवेज आलम,प्रेम,आदि ने भरपूर तरीके से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।इस मौके पर शिक्षकों में रशीद अहमद, अनिल सिंह, लोकेश सिंह, जियाउद्दीन अंसारी, शैलेश यादव, सुरेश यादव, विवेक रावत, भीम सिंह, राजमणि

# शाहगढ़ ब्लाक प्रांगण में गंदगी पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा आज खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय शाहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी कमलेश कुमार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई एवं अभिलेख रखरखाव व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, किंतु कार्यालय प्रांगण एवं मुख्य मार्ग की साफ-सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी शाहगढ़ को निर्देशित किया कि तत्काल सफाई कर्मियों की टोली लगाकर पूरे परिसर की साफ सफाई कराई जाय तथा भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा ल्लमनरेगा सॉफ्ट पोर्टलङ्क पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर की गई। समीक्षा में यह पाया गया कि कुल उनतालीस ग्राम पंचायतों में से इक्कीस ग्राम पंचायतों में कार्य प्रचलित हैं जबकि शेष ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), शाहगढ़ को निर्देशित किया कि शेष ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना अंतर्गत उपलब्ध निर्देशों व आदेशों के अनुसार कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाये ताकि सभी पात्र श्रमिकों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ समय से ग्रामीणों तक पहुंचे।

## सम्पादकीय

# जीवन रक्षक ओआरएस

सेहतवर्धक बताकर विभिन्न खाद्य-पेय उत्पाद बेचना आज के बाजार की मुनाफा रणनीति का हिस्सा बन चुका है। भले ही वह आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करता हो। ऐसे में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉर्मूलेशन के अनुरूप न होने वाले किसी भी पेय पदार्थ के लेबल पर 'ओआरएस' यानी ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट शब्द लिखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। निस्संदेह, यह एक जन-स्वास्थ्य की दिशा में हासिल एक बड़ी सफलता है, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। दरअसल, यह आदेश हैदराबाद की बाल रोग विशेषज्ञ शिवरंजनी संतोष द्वारा आठ साल की लंबी लड़ाई के बाद सामने आया है। वास्तव में उन्होंने यह उजागर करने के लिये लंबा संघर्ष किया था कि कैसे कई चीनी युक्त कथित ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थों को चिकित्सकीय समाधान के रूप में बेचने के लिये भ्रामक रूप से 'ओआरएस' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि सालों से अभिभावक इस पेय पदार्थ की पैकेजिंग पर कारोबारियों द्वारा लिखे 'ओआरएस' शब्द पर भरोसा करते हुए बीमार बच्चों को पिलाते रहे हैं। वे इस बात से बेखबर थे कि पेय पदार्थ में चीनी की उच्च सांद्रता निर्जलीकरण की स्थिति को बढ़ावा दे सकती है। विशेष रूप से बच्चों को देने पर दस्त की स्थिति में यह घातक हो सकती थी। यहां उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुमोदित ओआरएस घोल में सावधानीपूर्वक ग्लूकोज और इलेक्ट्रोलाइट्स का एक संतुलित मिश्रण निर्धारित होता है। जिसे बीमार बच्चों या व्यक्ति को शरीर में तरल पदार्थों व लवणों की कमी की पूर्ति के लिये तैयार किया जाता है। जबकि हकीकत यह है व्यावसायिक दृष्टि से बेचे जा रहे पेय पदार्थों का भले ही चिकित्सा वैधता का दावा किया जाए, लेकिन वे मीठे घोल के अलावा कुछ नहीं होते। जबकि हकीकत यह है कि इन बाजारू पेय पदाथों की बिक्री से मोटा मुनाफा ही कमाया जा रहा था। यह तथ्य भी चौंकाने वाला ही है कि भारत में इस तथाकथित मीठे 'ओआरएस पेय' का सारा कारोबार लगभग एक हजार करोड़ रुपये के लगभग है। यहां तक कि कुछ पेय पदार्थों के ब्रांड मालिकों ने केवल तीन वर्षों में पांच गुना बिक्री का दावा किया है। उन्होंने ओआरएस बिक्री के चौदह फीसदी से अधिक हिस्से पर अधिकार करने का उल्लेख किया है। दरअसल, विभिन्न स्वाद वाले पेय पदार्थ को स्वास्थ्यवर्धक के रूप में पेश करके कंपनियों को अपने कारोबार में तेजी लाने का आसान मौका मिल जाता है। हकीकत में इसका लाभ कंपनियां अपने ब्रांड का भरोसा बढ़ाने और फार्मेसियों और किराने की दुकानों में समान रूप से उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में कामयाब होने में उठाती हैं। यह विडंबना है कि देश में कमजोर नियामक निगरानी के चलते ही इस मुनाफ़े के घातक कारोबार के विस्तार के लिये अनुकूल वातावरण बन पाया है। अब विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की सख्ती से इस मुनाफाखोरी के घातक कारोबार पर अंकुश लगाने में कामयाब मिल सकेगी। इस सारे प्रकरण का एक सबक यह भी है कि कैसे सतर्क नागरिक और नैतिक रूप से सजग चिकित्सक सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने में सक्षम हो सकते हैं। खासकर उन क्षेत्रों में जहां अकसर प्रवर्तन कार्रवाई की कमी नजर आती है। निश्चित रूप से यह प्रकरण खाद्य विपणन और वैज्ञानिक प्रमाणों के बीच की खाई को भी उजागर करता है। दरअसल, यह जन स्वास्थ्य से जुड़ी एक ऐसी खाई है जिसे हमारी नियामक एजेंसियों को पाटने के लिये निरंतर सजग रहने की सख्त आवश्यकता है। ओआरएस जैसी साधारण, लेकिन जीवन रक्षक पेय की शुद्धता की रक्षा करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने एक बार फिर से पुष्टि की है कि स्वास्थ्य की रक्षा कोई मार्केटिंग का नारा नहीं हो सकता। निश्चित रूप से विश्वास किया जाना चाहिए कि इस हालिया प्रतिबंध से आने वाले समय में मीठे-मीठे झूठों का अंत हो सकेगा।

# हवा को जहर बनाता दिल्ली का आत्मघाती प्रदूषण

दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण एक बार फिर दुनिया की नजरों में भारत की राजधानी को शर्मसार कर रहा है। कभी संस्कृति, ऊर्जा और प्रगति की पहचान रही दिल्ली आज धुएं और धूल की चादर में लिपटी दिखाई देती है। हवा में घुला ज़हर इस हद तक बढ़ चुका है कि सांस लेना भी एक जोखिम बन गया है। हाल ही में दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 के खतरनाक स्तर तक पहुंच गया जो ल्बहुत खराबङ्क से ल्गंभीरङ्क श्रेणी में आता है। यह स्थिति न केवल दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है बल्कि यह भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार दोनों के लिए गहन चिंतन का विषय भी है। प्रश्न यह है कि क्यों हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली का आसमान धुंधला हो जाता है और जीवन दम घोंटने लगता है। इसका उत्तर जटिल है क्योंकि इसके लिए सरकार, समाज और व्यक्ति सभी जिम्मेदार हैं। दिल्ली की गिनती दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में होना हमारे विकास के मॉडल पर एक गंभीर टिप्पणी है। जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल होने पर श्वसनतंत्र के रोगियों को किस संत्रास से गुजरना पड़ा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। यह स्थिति अन्य अनेक असाध्य रोगों का भी कारण बनती है। प्रदूषण के प्रमुख कारणों में सबसे आगे है पराली जलाना। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा खेतों में बची फसल के अवशेष जलाने से हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा खतरनाक रूप से बढ़ जाती है। हवा की दिशा दिल्ली की ओर होती है जिससे यहाँ प्रदूषण का स्तर तेजी से चढ़ता है। इसके साथ ही दिल्ली की सड़कों पर चल रहे लाखों वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ती धूल, खुले में कचरा जलाना और जनसंख्या का दबाव इस संकट को और गहरा करते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली अब 'विकास' के नाम पर अपने ही अस्तित्व को निगलने लगी है। इस वर्ष एक बार फिर दीपावली के पटाखों ने प्रदूषण का चरम स्तर पर पहुंचा दिया है। भले ही कतिपय सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सबल आग्रह के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सिर्फ पर्यावरण को कम हानि पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन प्रदूषण का स्तर बता रहा है कि यह प्रयास विफल रहा है। लोगों ने ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जमकर फोड़े हैं। जो लोगों के आत्मघाती व्यवहार का ही परिचायक है। वैसे पर्यावरणविदों का मानना है कि ग्रीन पटाखे प्रदूषण नहीं फैलाते, यह सोच तार्किक नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है। फिर भी यह कहना भी उचित नहीं कि सरकारें कुछ नहीं कर रहीं। केंद्र और राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में कई योजनाएँ शुरू की हैं। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने एवं भाजपा की सरकार बनने के बाद इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के उपक्रम हो रहे हैं। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) लागू किया गया, जिसके अंतर्गत प्रदूषण के स्तर के अनुसार चरणबद्ध नियंत्रण उपाय किए जाते हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी दी गई, हजारों ई-बसें चलाई गईं, स्मॉग टावर लगाए गए और ल्ग्रीन दिल्ली ऐपङ्क के माध्यम से शिकायतों के समाधान की व्यवस्था की गई। पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों को वैकल्पिक मशीनें उपलब्ध कराई गईं और सब्सिडी दी गई। इन प्रयासों से कुछ हद तक राहत तो मिली, परंतु समस्या की जड़ अब भी जस की तस है क्योंकि यह समस्या केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि सामाजिक और मानसिक भी है। हम कभी पराली जलाने और कभी पटाखे छोड़ने को इस संकट का कारण बताते हैं, लेकिन वास्तव में प्रदूषण के कारक हमारे तंत्र की नाकामी में हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई तीन सौ पचास का आंकड़ा पार कर गया। दीपावली के बाद भी हवा का जहरीला बना रहना बेहद गंभीर विषय है। शायद वजह यह भी हो कि लोगों ने कुछ इलाकों में दो दिन दिवाली मनाई। लेकिन इस सारे प्रकरण में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कवायदें भी निष्फल ही नजर आईं। ग्रैप-2 का लागू होना स्थिति की गंभीरता को ही दर्शाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली में सर्दियों की शुरुआत होने पर वायु गुणवत्ता का संकट गहराने लगता है। जो दिल्ली की दिवाली के बाद प्राणवायु को ही दमघोंटू बनाने लगता है। हर साल शीर्ष अदालत की सक्रियता और सरकारी घोषणाओं के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो यह हमारी आपराधिक लापरवाही की परिणति भी है। प्रदूषण बढ़ाने के अनेक कारण कठोर कानून के बावजूद यत्र-तत्र पसरे हैं। लोग अब भी खुले में कचरा जलाते हैं, अपने घरों और दुकानों के बाहर धूल फैलाते हैं, पुराने वाहनों का उपयोग जारी रखते हैं। हरियाली घटती जा रही है, वृक्ष कट रहे हैं और नए पौधे लगाने की परंपरा खत्म होती जा रही है। यह लापरवाही केवल सरकार पर दोष डालने से नहीं मिटेगी, बल्कि इसके लिए नागरिक चेतना की आवश्यकता है। यह सच है कि सरकार कानून बना सकती है, नियम लागू कर सकती है, परंतु जब तक जनता अपनी आदतें नहीं बदलेगी तब तक प्रदूषण पर काबू पाना असंभव है। यदि हम अन्य महानगरों से तुलना करें तो दिल्ली की स्थिति सबसे दयनीय है। मुंबई, बेंगलुरु या कोलकाता की तुलना में यहाँ प्रदूषण का स्तर दोगुना से भी अधिक है। इसका कारण यह है कि दिल्ली न केवल स्थानीय प्रदूषण झेलती है बल्कि पड़ोसी राज्यों के प्रभाव में भी आती है। इसलिए समाधान भी क्षेत्रीय स्तर पर ही संभव है। केंद्र सरकार को राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर स्थायी नीति बनानी होगी ताकि पराली प्रबंधन, निर्माण नियंत्रण, औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों की नीति पर एकरूपता लाई जा सके। इस समय आवश्यकता है कि प्रदूषण को सिर्फ मौसमी समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा के रूप में देखा जाए। जनता में पर्यावरणीय चेतना को विद्यालयों, संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से फैलाया जाए। हर कॉलोनी में 'ग्रीन जोन' विकसित हों, शहरी वनों का निर्माण हो, और हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प ले। सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए और पुराने डीजल वाहनों को सख्ती से हटाया जाए। निस्संदेह, दिल्ली के प्रदूषण में अकेले पटाखों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती आबादी का बोझ, हर साल बनने वाले एक लाख मकानों के निर्माण से फैलने वाला प्रदूषण तथा प्रतिवर्ष सड़कों पर उतरने वाली लाखों गाड़ियों का उत्सर्जन भी शामिल है। एक नागरिक के रूप में हमारा गैरजिम्मेदार व्यवहार इस संकट को बढ़ाने वाला है। दिल्ली का यह प्रदूषण दरअसल हमारे विकास मॉडल की असफलता का आईना है, जहाँ हमने सुविधाओं को तो बढ़ाया पर जीवन की मूलभूत आवश्यकता-स्वच्छ हवा को खो दिया। यह केवल सरकार की विफलता नहीं बल्कि समाज की सामूहिक असंवेदनशीलता का भी परिणाम है। यदि अब भी हमने चेतना नहीं दिखाई तो आने वाली पीढ़ियाँ स्वच्छ हवा को केवल इतिहास की किताबों में पढ़ेंगी। अब समय है कि हम राजनीति, दोषारोपण और उदासीनता से ऊपर उठकर सांस लेने के अधिकार के लिए एकजुट हों। क्योंकि प्रकृति का शोषण नहीं, संरक्षण ही सभ्यता की पहचान है और यदि हमने हवा को जहर बना दिया तो हमारे सारे विकास के प्रतीक बेमानी हो जाएंगे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब तक लोगों को यह अहसास नहीं होगा कि त्योहार के नाम पर जमकर जहरीले पटाखे छुड़ाना एक आत्मघाती कदम है, तब तक कोर्ट और सरकार के प्रयास विफल ही साबित होंगे। इसके लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों को साझी पहल करनी होगी। यह संकट सिर्फ दिल्ली या एनसीआर का नहीं है, मुंबई, कोलकाता आदि अनेक महानगरों के घातक प्रदूषण की चपेट में आने की खबरें हैं। **–ललित गर्ग**

**प्रदूषण के प्रमुख कारणों में सबसे आगे है पराली जलाना। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा खेतों में बची फसल के अवशेष जलाने से हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा खतरनाक रूप से बढ़ जाती है। हवा की दिशा दिल्ली की ओर होती है जिससे यहाँ प्रदूषण का स्तर तेजी से चढ़ता है। इसके साथ ही दिल्ली की सड़कों पर चल रहे लाखों वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ती धूल, खुले में कचरा जलाना और जनसंख्या का दबाव इस संकट को और गहरा करते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली अब 'विकास' के नाम पर अपने ही अस्तित्व को निगलने लगी है। इस वर्ष एक बार फिर दीपावली के पटाखों ने प्रदूषण का चरम स्तर पर पहुंचा दिया है। भले ही कतिपय सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सबल आग्रह के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सिर्फ पर्यावरण को कम हानि पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन प्रदूषण का स्तर बता रहा है कि यह प्रयास विफल रहा है। लोगों ने ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जमकर फोड़े हैं। जो लोगों के आत्मघाती व्यवहार का ही परिचायक है। वैसे पर्यावरणविदों का मानना है कि ग्रीन पटाखे प्रदूषण नहीं फैलाते, यह सोच तार्किक नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है। फिर भी यह कहना भी उचित नहीं कि सरकारें कुछ नहीं कर रहीं। केंद्र और राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में कई योजनाएँ शुरू की हैं। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने एवं भाजपा की सरकार बनने के बाद इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के उपक्रम हो रहे हैं। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) लागू किया गया, जिसके अंतर्गत प्रदूषण के स्तर के अनुसार चरणबद्ध नियंत्रण उपाय किए जाते हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी दी गई, हजारों ई-बसें चलाई गईं, स्मॉग टावर लगाए गए और ल्ग्रीन दिल्ली ऐपङ्क के माध्यम से शिकायतों के समाधान की व्यवस्था की गई। पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों को वैकल्पिक मशीनें उपलब्ध कराई गईं और सब्सिडी दी गई।**

# साहित्यः जीवन की आलोचना और परिष्कृत आचरण का मार्ग

**संजीव ठाकुर**

साहित्य केवल शब्दों की रचना नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा का स्पंदन है। यह वह चेतन ऊर्ज़ा है जो समाज के भीतर से उठकर उसे परिष्कृत करती है। प्रेमचंद का यह कथन इसीलिए शाश्वत है क्योंकि साहित्य केवल जीवन का वर्णन नहीं करता, बल्कि उसकी आलोचना करता है कृ उसे दिशा देता है, और उसे मानवीय बनाता है। साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है। इसका सृजन करने वाला भी नहीं जानता कि उसकी रचना की अनुगूंज कब, कहाँ और कितनी दूर तक जाएगी। इस दृष्टि से साहित्य का सत्य केवल तथ्य नहीं, बल्कि समाज की नैतिक, संवेदनात्मक और दूरदर्शी चिंता है। वह समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला रक्षक भी है, और आत्मा को निर्मल करने वाला साधक है।साहित्य सत्य की साधना है, शिवत्व की कामना है और सौंदर्य की अभिव्यक्ति भी। यह मनुष्य के भीतर छिपी मानवता का उत्खनन है। उत्कृष्ट साहित्य समाज की संवेदनाओं को, उसकी सहज वृत्तियों को युगों-युगों तक जीवंत बनाए रखता है। कालिदास की अभिज्ञानशाकुंतलम्, सूरदास की सूरसागर, कबीर की साखियाँ, प्रेमचंद की कहानियाँ और शेक्सपियर के नाटक कृ ये सभी इस सत्य के प्रमाण हैं कि साहित्य मनुष्य के अंतरजगत का आरसा है। रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा था साहित्य मानवता का आत्मवृत्तांत है। राजनीतिक और भौगोलिक सीमाएँ चाहे जैसी हों, साहित्य का धरातल सार्वभौमिक है। किसी देश की भाषा और साहित्य उसके सभ्यतागत विकास की सहज झलक प्रस्तुत करते हैं। साहित्य में समाज के सुख-दुख, आशा-निराशा, उत्थान-पतन, संघर्ष और समर्पण का जीवंत चित्रण होता है कृ और यही उसकी कालजयीता का कारण है। साहित्य और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक हैं। जैसे जीवन में संघर्ष और निरंतरता है, वैसे ही साहित्य में समय और परिस्थिति की छाप परिलक्षित होती है। साहित्य वर्तमान को समझते हुए भविष्य की रूपरेखा तय करता है और समाज की सुषुप्त विवेक-शक्ति को जागृत करता है। जब समाज दिशाहीन होता है, तब साहित्य दीपक बनता हैय जब संवेदनाएँ क्षीण होती हैं, तब साहित्य उन्हें पुनः जीवित करता है। महात्मा गांधी ने कहा था सच्चा साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर की श्रेष्ठता को जागृत करे। कबीर, टैगोर, शरदचंद्र, जयशंकर प्रसाद, फणीश्वरनाथ रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, मिल्टन और होमर की रचनाएँ आज भी जनमानस में जीवंत हैं क्योंकि वे समाज, संस्कृति और मनुष्यता की धड़कन हैं। पंडित नेहरू ने भी कहा था संस्कृति राष्ट्र की आत्मा है। जब यह आत्मा जीवंत रहती है, तब साहित्य उसका सबसे सशक्त माध्यम बन जाता है। साहित्य अपने समय की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों से प्रभावित होता है, परंतु साथ ही उन्हें प्रभावित भी करता है। इसीलिए साहित्य सदैव देशकालिक, सांस्कृतिक रूप से जीवंत, और सामाजिक चेतना का वाहक होता है। साहित्य का मूल्य इस बात में है कि वह यथार्थ को समझकर आदर्श का निर्माण करे। जयशंकर प्रसाद ने कहा था ल्जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवादय साहित्य की पूर्णता दोनों के समन्वय में निहित है। साहित्य वह प्रक्रिया है जिसमें जीवन अपने प्रतिबिंब को देखता है और स्वयं को सुधारता है। वह न केवल समाज के दुखों का दर्पण है, बल्कि उनके समाधान का साधन भी है। अज्ञेय ने कहा था साहित्य मनुष्य को उसकी अस्मिता का बोध कराता है। यही कारण है कि साहित्य जीवन की आलोचना होते हुए भी उसके परिष्कार का साधन बनता है। आज जब भौतिकता, उपभोक्तावाद और आत्मकेंद्रित दृष्टिकोण ने मानवीय मूल्यों को कमजोर किया है, तब साहित्य वही आलोक स्तंभ है जो हमें पुनः मनुष्यता की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है। साहित्य केवल विचार नहीं, वह संस्कृति की स्मृति और भविष्य का सृजन है। वह व्यक्ति को समाज से, और समाज को उसकी आत्मा से जोड़ता है। श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर दोनों को परिष्कृत करे। वह हमें सोचने, बदलने और जीने की नई दृष्टि देता है। क्योंकि साहित्य केवल अध्ययन नहीं, जीवन का आचरण है कृ मानवता के नवीनीकरण का साधन है।

## सेहत मंत्र

# फटे होठों के साथ ही त्वचा की देखभाल भी करता है लिप बाम

फटे होठों से बचने के लिए आप लिप बाम का इस्तेमाल करती होगी। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि लिप बाम का इस्तेमाल केवल फटे होठों से बचने के लिए ही नहीं बल्कि अन्य चीजों में भी कर सकती है तो शायद आपको यकीन नही होगा। जी हां आप लिप बाम का इस्तेमाल रूखे बालों को सॉफ्ट बनाने, पैरों के छालों से बचने और जैसे कामों में भी किया जा सकता है। आइए लिप बाम के अनोखे इस्तेमाल के बारे में जानें। अक्सर नए जूते या सैंडल पहनने से पैरों में छाले पड़ जाते है। छालों से बचने के लिए जूते या सैंडल पहनने से पहले आप अपने पैरों की अंगुलियों और एड़ी पर लिप बाम लगा लें। इससे आपके पैरों में छाले नहीं होगें। आपने देखा होगा अक?सर आपके नाखूनों के आस-पास की त्वचा छिलने लगती है ऐसे में उसपर लिप बाम लगाएं। इससे नाखून हाइड्रेट रहेंगे और त्वचा में नमी भी बनी रहेगी। साथ ही जुकाम होने पर रूमाल से नाक साफ कर-करके नाक ऊपर की तरफ रूखी हो जाती है। ऐसे में आप लिप बाम लगाकर रूखी त्वचा की समस्या से बच सकते हैं। इसके अलावा फटी एड़ियों पर आप क्रीम की जगह लिप बाम का भी इस्तेमाल कर सकती है। अगर आपको आइब्रो बनाने का समय नहीं मिल पा रहा है तो अंगुली पर थोड़ा-सा लिप बाम लेकर उसे अपनी आइब्रो पर लगा लें। इससे आइब्रो की शेप सही दिखने लगेगी। साथ ही अगर आप अपने गालों को हाइलाइट करना चाहती है तो भी लिप बाम को चीक बोन्स पर लगाकर, गालों को शाइनी बना सकती है। अगर आपकी जींस या किसी और चीज की चेन काम नहीं कर रही है तो काम न करने वाली इस चेन पर भी आप लिप बाम लगा सकते हैं। लिपबाम लुब्रिकेंट की तरह काम करती है और इससे आपकी चेन बार-बार नहीं अटकती। इसके अलावा अगर आप अंगुली में अंगूठी अटक गई है तो थोड़ा सा लिप बाम लगाकर आप अटकी हुई अंगूठी को बाहर निकाल सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# मंदिरों की मणिमाला का मोती है जगत का अम्बिका मंदिर

सरस्वती, नृत्य भाव में गणपति, महिषासुर मर्दिनी, नवदुर्गा, वीणाधारिणी, यम, कुबेर, वायु, इन्द्र, वरूण, प्रणय भाव में युगल, अंगड़ाई लेते हुए व दर्पण निहारती नायिका, शिशु क्रीडा, वादन, नृत्य आकृतियां एवं पूजन सामग्री सजाये रमणी आदि कलात्मक प्रतिमाओं का अचंभित कर देने वाली मूर्तियों का खजाना और आदित्य स्थापत्य कला को अपने में समेटे जगत का अम्बिका मंदिर राजस्थान के मंदिरों की मणिमाला का मोती कहा जा सकता है। मूर्तियों का लालित्य, मुद्रा, भाव, प्रभावोत्पादकता, आभूषण, अलंकरण, केशविन्यास, वस्त्रों का अंकन और नागर शैली में स्थापत्य का आकर्षण इस शिखरबंद मंदिर को खजुराहो और कोणार्क मंदिरों की श्रृंखला में ला खड़ा करता है। मंदिर के अधिष्ठान, जंघाभाग, स्तम्भों, छतों, झरोखों एवं देहरी का शिल्प?सौन्दर्य देखते ही बनता है। जगत का अम्बिका मंदिर राजस्थान में उदयपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर गिर्वा की पहाड़ियों के बीच बसे कुराबड़ गांव के समीप अवस्थित है। मंदिर परिसर करीब 150 फीट लम्बे ऊंचे परकोटे से घिरा है। पूर्व की ओर प्रवेश करने पर दुमंजिले प्रवेश मण्डप पर बाहरी दीवारों पर प्रणय मुद्रा में नर?नारी प्रतिमाएं, द्वार स्तम्भों पर अष्ठमातृका प्रतिमाएं, रोचक कीचक आकृतियां तथा मण्डप की छत पर समुद्र मंथन के दृश्यांकन दर्शनीय हैं। छत का निर्माण परम्परागत शिल्प के अनुरूप कोनों की ओर से चपटे एवं मध्य में पद्म केसर के अंकन के साथ निर्मित है। मण्डप में दोनों ओर हवा और प्रकाश के लिए पत्थर से बनी अलंकृत जालियां ओसियां देवालय के सदृश्य हैं।

## पर्यटन



# टूरिस्ट के दिलों पर राज करता है यह खूबसूरत शहर साऊथ अफ्रीका

दुनियाभर में अपने एडवेंचर्स और प्राकृतिक सुदंरता के लिए फ़ेमस दक्षिण अफ्रीका टूरिस्टों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी सुदंरता के कारण लोग इस शहर की और खिचे चले आते हैं। दक्षिण अफ्रीका आने वाले टूरिस्ट अपना सफर केपटाऊन शहर से शुरू करें तो उन्हें स्वच्छता और सुदंरता का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका को इंद्रधनुषी छटाओं वाला देश भी कहा जाता है। क्योंकि यहां आप इंद्रधनुष को करीब से देख सकते हैं। उत्तरी और पश्चिमी केपटाऊन की वादियों को फूलों से ढके देखना चाहते हैं तो यहां घूमने के वसंत ऋतु बिल्कुल परफ़ेक्ट सीजन है। दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आप अफ्रीकी हाथी, सबसे छोटा छुछुंदर, जिराफ, चीता, शुतुरमुर्ग, कोरी बस्टर्ड, चितकबरे गैंडे, हिप्पो और मगरमच्छ देख सकते हैं। अफ्रीका के इस शहर में अन्य जनजातियों के अलावा एशइयाई लोग भी बसे हुए है। इसमें 27 लाख लोग तो भारतीय है, जो बढ़िया बिजनेस चलाने के साथ अफ्रीका की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। भारतीय लोग होने के कारण आप यहां इंडियन फूड का मजा भी ले सकते हैं। दुनिया के सबसे निराले और खूबसूरत शहर केपटाऊन की अपनी अलग पहचान है। टूरिस्ट यहां ऊंचे पर्वतों, मनोरम समुद्री किनारों के साथ इस अनूठे शहर की मनमोहक तस्वीर का मजा ले सकते हैं। यहां के ऊंचे चपटे टेबल माऊंटेन, अंगूर के बगीचे और समुद्री तट आपके ट्रिप को और भी यादगार बना देंगे। यहां के ऊंचे पहाड़ों पर केबल कार से आप पूरे शहर की सुदंरता और वन्य जीवन को देख सकते हैं। केपटाऊन को दक्षिण अफ्रीका का सबसे शांत शहर माना जाता है। यहां पर सबसे फ़ेमस टेबल माऊंटेन है, जिसे आप पूरे केपटाऊन शहर के किसी भी कोने से साफ देख सकते हैं। शहर के बीच में स्थित विक्टोरिया एल्फ्रेड वाटरफ्रंट मस्ती और धूम-धड़ाका करने के लिए फ़ेमस है।

बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रमों की श्रृंखला

# सरदार पटेल जयंती पर भाजपा ने कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई

## जिला योजना बैठक में बनी रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।सरदार पटेल की 150 वीं जयंती को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यालय पर योजना बैठक आयोजित हुई। जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।सभी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने की।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करना है। इस अवसर पर आयोजित होने वाली रन फिर यूनिटी के लिए जनप्रतिनिधियों संग रूट चार्ट को अंतिम रूप दिया।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें एनएसएस और एनसीसी कैडेट और युवा लीडर प्रतिभाग करेंगे।उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा / चित्र पर श्रद्धांजलि,आत्मनिर्भर भारत शपथ,नशा मुक्त भारत शपथ,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रमाणपत्र वितरण किया जाएगा।इसके साथ ही ''गर्व से स्वदेशी '' संकल्प भी दिलवाए जाएंगे।इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, अजीत प्रताप सिंह,पूर्व विधायक शरद अवस्थी, विधायक दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, रामकुमारी मौर्य,अमरीश रावत,संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई,ब्रजेश रावत, सीताशरण वर्मा,रोहित सिंह,आशुतोष अवस्थी एवं सभी मंडल के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महंत व मशकूर ने काटा फीता मेला का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलहरा बाराबंकी। फतेहपुर में हज़रत मखदूम शेख हिसामुद्दीन चिश्ती रह. की याद में लगने वाले उर्स व मेले का शुक्रवार शाम पूर्व चेयरमैन व मेला कमेटी के अध्यक्ष मो0 मशकूर व महंत हेमन्त दास ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्धघाटन किया। मेला अध्यक्ष मो0 मशकूर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्राचीन मेले का आयोजन 24 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक होगा। कमेटी की तरफ से मेले में दूर दराज से आने वाले जायरीनों व अन्य लोगों के लिए तमाम इतंजाम किए गए हैं। मेले में मनोरंज के लिए छोटे व बड़े झूले लगाए गए हैं। बच्चों के लिए 31 अक्टूबर को मैजिक शो (जादू) का आयोजन किया जाएगा। 3 नवम्बर को स्कूली बच्चों के लिए टेलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 4 नवम्बर को म्यूजिक कंाफ्रेंस का आयोजन, 5 नवम्बर को आल इंडिय मुशायरे का आयोजन होगा। 6 नवम्बर को आतिशबाजी के साथ



समान होगा। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा,चौधरी वकार, राहत अली,नसीम गुड्डू, रितेश जैन,(टीनू) जफरुल इस्लाम पप्पू,हैप्पी श्रीवास्तव,हाजी सलीम,सय्यद अली महमूद, खुर्शीद जमाल,नसरे आलम, इश्तियाक कुरैशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने परखा स्टोरेज भंडारण तकनीकि






कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में पढ़ रहे छात्र - छात्राओं को आईसेक्ट संस्था द्वारा ग्राम पंचायत बसारा स्थित कपूर कोल्ड स्टोरेज का शनिवार को भ्रमण कराया गया। एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण बीच छात्र-छात्राओं ने आधुनिक शीत भंडारण तकनीक की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान छात्रों को यह बताया गया कि कोल्ड स्टोरेज किस प्रकार कृषि उत्पादों, विशेषकर आलू व अन्य फलों-सब्जियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने में सहायक होता है। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कोल्ड चेन प्रक्रिया, तापमान नियंत्रण प्रणाली तथा भंडारण प्रबंधन की बारीकियों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षकगणों ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी समझ विकसित करने में अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और तकनीकी जानकारी हासिल की।शिक्षक हरीश अवस्थी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव से भी जोड़ना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर अवसरों का लाभ उठा सकें।

# ब्लॉक स्तरीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शनिवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय वस्तुनिष्ठ परीक्षा का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र कोटवा सड़क में हुआ। विज्ञान,गणीत की परीक्षा में 64 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के तीन-तीन बच्चों ने भाग लिया। मूल्यांकन के बाद, सर्वोत्तम प्राप्तांक वाले 25 बच्चों को पांच समूहों में बांटा गया और उनके बीच पारस्परिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच छात्र उच्च प्राथमिक विद्यालय रामसनेही घाट की शेजल, उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया के प्रदुम्न कश्यप,सनाकापुर विद्यालय की लक्ष्मी शुक्ला,अहमदपुर विद्यालय की नैन्सी यादव और उच्च प्राथमिक विद्यालय देवकली के आदित्य पाल द्विवेदी

का चयन जिला स्तर के लिए किया गया। परीक्षा में बच्चों से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए,जिससे छात्रों की ज्ञान और समझ का मूल्यांकन किया जा सके।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने सफल छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।परीक्षा का संचालन एआरपी शिवेंद्र प्रताप सिंह,अनिल कुमार,अनिल कुमार वर्मा,राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

## मुख्य वन संरक्षक ने वृक्षारोपण एवं संरक्षण पर दिए दिशा-निर्देश

सुल्तानपुर। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय अमहट में आज उत्तर प्रदेश शासन के विभागाध्यक्ष एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी का आगमन हुआ। उनके साथ प्रभागीय निदेशक अमित सिंह, एसडीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार मौर्य, डिप्टी रेंजर बृजेश कुमार यादव, धीरेंद्र कुमार यादव, तथा वन दरोगा डीपी पांडेय, आर.के. पांडेय, राहुल यादव एवं वनरक्षक सौरभ यादव, मोहम्मद रमजान माली आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान 9 जुलाई 2025 को हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर सीता अशोक का पौधा रोपित किया गया तथा पूर्व में लगाए गए पौधों की संख्या, स्थिति एवं रखरखाव की जानकारी साझा की गई। मुख्य वन संरक्षक ने उपस्थित कर्मचारियों को रोपित पौधों की नियमित देखभाल एवं नियत रूप से सिंचाई करने के निर्देश दिए, जिससे वृक्षारोपण के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके। मौके पर कृतेश सेन, सचिन शुक्ला, जीतेन्द्र पाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## खंशिअ ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने शनिवार को क्षेत्रीय अनेक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने मऊ गोरपुर, किटूरी,थोरथिया और राघोपुर के विद्यालयों का निरीक्षण किया और पाया कि किटूरी में सहायक अध्यापिका नम्रता यादव और थोरथिया में नीतू अनुदेशक अनुपस्थित थी। खंड शिक्षा अधिकारी ने अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।श्री राय ने कहा कि बरसात का मौसम समाप्त हो गया है, इसलिए विद्यालयों की साफ-सफाई और रंग-रोगन करवाया जाए, शिक्षकों को अपनी डायरी पूरी करने,शिक्षण कार्य में सुंदर्शिका का प्रयोग करने, ऑनलाइन पोर्टल पर बच्चों की संख्या बढ़ाने,प्रधानाध्यापकों निपुण प्लस एप पर शत प्रतिशत बच्चों की संख्या बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए गए।

## थाना दिवस में राजस्व मामलो की अधिकता

रामनगर /मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना स्थानीय में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में प्रभारी अनिल कुमार पांडेय निरीक्षक सुभाषचंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, छः शिकायतें प्राप्त हुईं चार राजस्व विभाग से संबंधित और दो पुलिस विभाग से।दो मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया जबकि शेष पर जांच जारी है।भूमि विवाद से जुड़ी शिकायत पर थाना प्रभारी ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों ने निष्पक्ष व त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में कई ग्रामीण व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खरीद केंद्र पर नहीं शुरू हुई धान की खरीद

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय स्थित राजकीय खरीद केंद्र पर आज धान खरीद शुरू नहीं हो पाई। मौखिक आदेश के बावजूद, खरीद मशीन में नया सॉफ्टवेयर अपडेट न होने के कारण यह समस्या आयी। मशीन पर लगातार एक नवंबर 2025 से खरीद शुरू' होने का संदेश प्रदर्शित हो रहा था।किसानों के लिए धान खरीद का पंजीकरण एक सितंबर 2025 से जारी है। सरकार ने सामान्य किस्म के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए किस्म के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। धान बेचने के इच्छुक किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट या मोबाइल ऐप 'यूपी किसान मित्र' पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद केवल पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। भुगतान सीधे उनके आधार लिंक्ड बैंक खातों में किया जाएगा।जिला विपणन अधिकारी ने शनिवार से धान खरीद शुरू होने की जानकारी दी थी। हालांकि, केंद्र प्रभारी प्रमोद द्विवेदी सुबह से मशीन संचालन का प्रयास करते रहे। लेकिन मशीन पर लगातार एक नवंबर से खरीद शुरू' होने का संदेश आता रहा।केंद्र प्रभारी प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि मशीन में एक नवंबर की तारीख दिख रही है। उन्होंने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी है। द्विवेदी ने आश्वस्त किया कि मशीन चालू होते ही किसानों से धान खरीद के लिए संपर्क किया जाएगा।

## छठ पूजा की तैयारियों का डीएम एसपी ने लिया जायजा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सिरौलीगौसपुर के तेलवारी करौनी स्थित सरयू नदी घाट का जायजा लिया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह भी मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सरयू नदी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों और ग्राम प्रधान गौरव सिंह से भी बातचीत कर छठ पूजा से संबंधित जानकारी ली।कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक टिकैतनगर जगदीश प्रसाद शुक्ला सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।अधिकारियों का यह निरीक्षण छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## सहायक एसपी के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5 के तहत छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में किया जागरूक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत पुलिस सहायक अधीक्षक नताशा गोयल ने मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत स्प्रिंगडेल स्कूल,थाना सुनगढ़ी में छात्र व छात्राओं को साइबर अपराध,ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड और सुरक्षित इंटरनेट साइबर अपराध पर रोक लगाने को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष साइबर गोष्ठी आयोजित की गयी यह कार्यक्रम शैक्षिक संस्थान एवम् छात्र-छात्राओं के बीच संपन्न हुआ, जिसमें साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयीं उन्होंने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक और फिशिंग जैसे साइबर अपराधों के खतरे से अवगत कराया. साथ ही कहा कि इन अपराधों से बचाव के लिए लोगों को पूरी जानकारी होनी चाहिए सहायक एसपी ने जोर देकर कहा कि केवल जागरूकता से ही स्वयं तथा अन्य लोगों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखा जा सकता है. इस अवसर पर शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भी छात्रों को आवश्यक सलाह एवं दिशा-निर्देश दिये. कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी साइबर सुरक्षा को लेकर अपने सवाल पूछे और जागरूकता बढ़ाने के महत्व को समझा वही नताशा गोयल ने कहा कि बच्चों को स्मार्टफोन और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी देना अभिभावकों की जिम्मेदारी है. इसी से साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है. आये दिन लोग इस बात से अनजान रहते हैं और उनके खातों से पैसे गायब हो जाते हैं. जिले में भी साइबर फ्रॉड के मामले बढ़े हैं, लेकिन पुलिस की प्रतिबिंब ऐप से अपराधियों की गिरफ्तारी आसान हुई है. जागरूकता ही इस अपराध से बचने की सबसे बड़ी चाबी है. इसलिए लोग खुद सतर्क रहें।

# हैदरगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा : ए. के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## चेयरमैन आलोक तिवारी की अगुवाई में मुख्य चौराहे पर हुआ जोरदार स्वागत

हैदरगढ़ बाराबंकी। नगर के विकास को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नगर की जनता या प्रतिनिधियों को किसी भी समस्या या सुझाव के लिए बेहिचक आगे आना चाहिए। आप सभी अपनी समस्या या मांग लिखित रूप में दें, उसका समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। उक्त उद्गार प्रदेश के नगर विकास मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने शनिवार को हैदरगढ़ कस्बे में अपने स्वागत समारोह के दौरान व्यक्त किए।सुल्तानपुर से लौटते समय मंत्री श्री शर्मा का हैदरगढ़ नगर के मुख्य चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी की अगुवाई में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने पुष्पवर्षा और नारों के बीच मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ल्लहैदरगढ़ के विकास में मेरा पूरा सहयोग रहेगा। सरकार की हर योजना जनता तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आप सभी मिल-जुलकर नगर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाने में सहयोग करें।ङ्क उन्होंने चेयरमैन आलोक तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि ल्लनगर की तरक्की के लिए चेयरमैन और जनप्रतिनिधियों के हर प्रयास में मैं साथ हूं।ङ्कइस अवसर पर मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं और हैदरगढ़ की जनता का आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति एकजुटता की भावना की प्रशंसा की।स्वागत कार्यक्रम में करुणेश द्विवेदी, सभासद अजीत रावत, पूर्व सभासद ओम प्रकाश सिंह चौहान, स्कन्द तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बैजनाथ मौर्या, पवन सिंह, हनुमान विश्वकर्मा, प्रमोद शुक्ला, शोमिल शुक्ला, अंकित मिश्रा, सौरभ सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने मंत्री श्री ए. के. शर्मा को बुके भेंट कर स्वागत किया। पूरे नगर में मंत्री के आगमन को लेकर उत्साह और हर्ष का माहौल देखा गया।

# रोहित-विराट के दम पर भारत ने बचाया सम्मान

एजेंसी



सिडनी। हर्षित राणा (चार विकेट) के बाद रोहित शर्मा (नाबाद 121 ) और विराट कोहली (नाबाद74 ) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश हेजलवुड ने शुभमन गिल को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। शुभमन गिल ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। रोहित ने 33वें ओवर की आखिरी एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित का नौवां शतक है। उन्होंने अपना शतक पूरा करने के लिए 105 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली और दूसरे विकेट के लिए 168 रनों अविजित साझेदारी कर भारत को 38.3 ओवर में 237 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। रोहित शर्मा 124 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद121 ) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 81 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद74 ) रन बनाये। विराट ने नेथन एलिस की गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों यह श्रृंखला 3-1 से जीती ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर एकमात्र कामयाब गेंदबाज हेजलवुड रहे। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरे ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल शर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। 10वें ओवर में मोहमम्द सिराज ने ट्रैविस हेड 25 गेंदों में (29) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मैथ्यू शॉर्ट ने मिचल मार्श के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में मिचेल मार्श (41) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। मैथ्यू शॉर्ट (30) को 23वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। एलेक्स कैरी (24), मिचेल ओवेन (एक) को हर्षित राणा ने आउट किया। मैट रेनशॉ ने 58 गेंदों का सामना किया और अपनी 56 रनों की पारी में दो चौके लगाये। उन्हें भी 37वें ओवर में हर्षित राणा ने आउट किया। मिचेल स्टार्क (दो) को कुलदीप यादव तथा नेथन एलिस (16) को प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया। हर्षित राणा ने 47वें ओवर की दूसरी गेंद पर कूपर कॉनली (23) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर जॉश हेजलवुड (शून्य) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 236 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# वर्ल्ड कप से निराशाजनक विदाई के बाद फातिमा सना और चामरी अटापट्टू ने कहा-अगली बार करेंगे मजबूत वापसी

एजेंसी



नई दिल्ली। कोलंबो में लगातार बारिश ने पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों टीमों की आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की मुहिम का निराशाजनक अंत कर दिया। अंतिम ग्रुप मैच में सिर्फ 4.2 ओवर ही खेला जा सका, जिसके बाद मैच रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान ने 18 रन बिना किसी नुकसान के बनाए थे जब बारिश ने फिर से खेल रोक दिया। इस परिणाम के साथ पाकिस्तान बिना किसी जीत के टूर्नामेंट से बाहर हुआ, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर रहा। मैच के बाद दोनों कप्तानों पाकिस्तान की फातिमा सना और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू ऽ ने निराशा के बीच भी भविष्य के लिए सकारात्मक रुख दिखाया। फातिमा सना ने कहा, हमारी गेंदबाज़ी और फील्डिंग बहुत अच्छी रही, लेकिन बल्लेबाज़ी में हम कमी महसूस कर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ हम बहुत करीब पहुंचे, मगर फिनिश नहीं कर सके। बतौर कप्तान, इन मैचों से मुझे आत्मविश्वास मिला है। मौसम हमारे पक्ष में नहीं था, लेकिन हमने इस वर्ल्ड कप से बहुत कुछ सीखा। उन्होंने आगे कहा, हमने हाल में बहुत कम क्रिकेट खेला है, इसलिए ज़रूरी है कि वर्ल्ड कप्स के बीच हमें और मैच खेलने को मिलें। अगले साल टी20 वर्ल्ड कप है, उम्मीद है हम बेहतर तैयारी के साथ उतरेंगे। एक युवा कप्तान के रूप में मैं खुद पर और अपनी टीम पर भरोसा रखती हूं कि अगली बार हम और मज़बूत टीम बनकर लौटेंगे। वहीं, श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने भी बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट पर अफसोस जताया, लेकिन अपनी टीम की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने कहा, ह्लइस वर्ल्ड कप के लिए हमारी उम्मीदें बहुत ऊंची थीं, लेकिन शुरुआती मैचों में गलतियों का असर पड़ा। फिर भी हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। हम घरेलू क्रिकेट में लगातार खेल रहे हैं, जिससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, पिछले 12 महीनों में हमने दक्षिण अफ्रीका, भारत और न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीमों को हराया है, और इंग्लैंड को भी टी20 में मात दी है। हमें बस लंबे प्रारूप में अपने नेचुरल गेम पर टिके रहना होगा। हम टॉप चार टीमों के बहुत करीब हैं, बस थोड़ा सुधार की जरूरत है। दोनों कप्तानों के बयानों से साफ है कि बारिश ने भले ही उनके मौजूदा अभियान को अधूरा छोड़ दिया हो, लेकिन भविष्य के लिए उनका आत्मविश्वास और विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

# भुल्लर मनीला में तीसरे दौर के बाद सातवें स्थान पर

मनीला (फिलीपींस)। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के तीसरे दौर में 18वें होल पर बोगी करने के बावजूद खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। भुल्लर 67-69-67 के स्कोर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं और उनका कुल स्कोर 13 अंडर है। वह सैम्पसन झेंग (62), मिगुएल तबुएना (65) और सरित सुवन्नारुत (69) से चार शॉट पीछे हैं। उन्होंने स्टा एलेना गोल्फ क्लब के पहले नौ होल में तीन बार बर्डी लगाई और फिर 13वें, 16वें और 17वें होल में तीन और बर्डी लगाकर दिन का स्कोर छह अंडर तक पहुंचा दिया लेकिन 18वें होल में एक बोगी ने उन्हें थोड़ा पीछे धकेल दिया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67) 19वें स्थान तथा अजीतेश संधू (72) 50वें स्थान पर हैं।

# हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ‘लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड’ से सम्मानित

एजेंसी



कोलकाता। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान डॉ. दिलीप तिर्की को भारतीय खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कलकत्ता स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स क्लब (सीएसजेसी) द्वारा ‘लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड’ से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कोलकाता में उन्हें प्रदान किया। भारतीय हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी डॉ. तिर्की ने भारत की ओर से 412 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रतिनिधित्व किया है, जिनमें तीन ओलंपिक खेल (1996, 2000, 2004) शामिल हैं। उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरों में से एक माना जाता है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद संभालने के बाद से डॉ. तिर्की ने भारतीय हॉकी को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए कई विकासात्मक और संरचनात्मक सुधारों की शुरुआत की है, जिससे देश में इस खेल को नई दिशा और गति मिली है।

# हॉकी इंडिया लीग 2025-26 सीज़न का शेड्यूल जारी, तीन शहरों में होंगे मैच

एजेंसी



नई दिल्ली। हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने शनिवार को अपने 2025ऽ26 सीज़न के पुरुष और महिला लीग के आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा की। भारत की इस प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता के नए सीज़न की घोषणा रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदीव्य कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव एवं हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह, रांची रॉयल्स टीम के मालिक अलविश एम.ए., तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनदीप सिंह, आशिष तानी पुर्ति, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग, निक्की प्रधान और ब्यूटी डुंग डुंग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रांची रॉयल्स टीम का नया आधिकारिक लोगो भी लॉन्च किया गया, जो झारखंड की समृद्ध हॉकी परंपरा और ऊर्जा का प्रतीक है। चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित होगी, जबकि महिला लीग पिछले वर्ष की तरह पूरी तरह रांची में खेली जाएगी। पुरुषों की हीरो एचआईएल का आगाज़ 3 जनवरी 2026 को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में होगा, जहां मेज़बान तमिलनाडु ड्रैगन्स और हैदराबाद तूफान्स के बीच रोमांचक उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा। पुरुष लीग में आठ टीमें, तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स (पिछली चैंपियन), वेदांता कलिंगा लैंसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल की टीमें हिस्सा लेंगी। महिला हीरो एचआईएल की शुरुआत 28 दिसंबर 2025 को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में होगी। उद्घाटन मैच रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच खेला जाएगा। महिला लीग में कुल चार टीमें रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स भाग लेंगी। सभी टीमें एक-दूसरे से एक बार भिड़ेंगी। शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ़ में पहुंचेंगी, जिनमें क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर (23 जनवरी), क्वालिफायर-2 (25 जनवरी) और फाइनल (26 जनवरी, कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर) खेला जाएगा। फाइनल से पहले तीसरे स्थान का मुकाबला भी 26 जनवरी को होगा। महिला लीग डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेली जाएगी, यानी हर टीम एक-दूसरे से दो बार भिड़ेगी। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 10 जनवरी 2026 को फाइनल खेलेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का दबदबा, भगत ने जीते दो स्वर्ण पदक

**विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया)।** पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो स्वर्ण पदक जबकि सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में अपना दबदबा बनाते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भगत ने फाइनल में हमवतन मनोज सरकार को 21-15, 21-17 से हराकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। इसके बाद उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन भारतीय जोड़ी को 21-11, 19-21, 21-18 से हराया। भगत ने कहा, ‘‘मैं ऑस्ट्रेलिया में दो स्वर्ण पदक जीतकर बहुत खुश हूं। मनोज के खिलाफ मुकाबला कड़ा था, हम एक-दूसरे के खेल को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और जब हम आमने-सामने होते हैं तो यह हमेशा एक चुनौती होती है। कदम को पुरुष एकल एसएल4 में सूर्यकांत से 21-23, 21-14, 19-21 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और मानसी जोशी ने महिला एकल और रूथिक रघुपति के साथ मिलकर मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीते। रूथिक ने चिराग बरेठा के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब भी जीता।

### सोनिया रमन ने डब्ल्यूएनबीए में पहली भारतीय मुख्य कोच बनकर इतिहास रचा

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की सोनिया रमन ने सिएटल स्टॉर्म का मुख्य कोच बनकर डब्ल्यूएनबीए (महिला नेशनल बास्केटबॉल लीग) में नया इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतियोगिता में किसी टीम की मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं। इस घटनाक्रम से अवगत एक व्यक्ति ने गोपनीयता की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। इसकी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रमन पिछले सत्र में न्यूयॉर्क लिबर्टी में सहायक कोच बनने से पहले चार साल तक एनबीए के मेम्फिस ग्रिज़लीज़ में सहायक कोच थीं। वह डब्ल्यूएनबीए में मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली कोच होगी। सिएटल ने पिछले महीने कोच नोएल क्विन को बर्खास्त कर दिया था। ईएसपीएन ने सबसे पहले इस नियुक्ति की सूचना दी। इस नियुक्ति के साथ न्यूयॉर्क एकमात्र ऐसी टीम है जिसके पास अभी भी कोई मुख्य कोच नहीं है। रमन का कोचिंग करियर एमआईटी से शुरू हुआ, जहां वह 2008 से 2020 तक मुख्य कोच रहीं।

### सीईएसएल 10,900 इलेक्ट्रिक बसों की सबसे बड़ी निविदा जारी करेगी

**नयी दिल्ली।** एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) छह नवंबर को अब तक की अपनी सबसे बड़ी 10,900 इलेक्ट्रिक बसों की निविदा खोलने जा रही है। इस निविदा को भारत की स्वच्छ शहरी परिवहन दिशा में सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। सीईएसएल के अनुसार, इस निविदा के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की ओर से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। सीईएसएल के मुताबिक कंपनी ने बोली लगाने वालों की ज्यादातर तकनीकी और प्रक्रियागत पूछताछों का समाधान कर दिया है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु हो सके। यह निविदा हैदराबाद, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली और बेंगलुरु सहित कई शहरों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए होगी। निविदा योजना के अनुसार, हैदराबाद को लगभग 2,000 बसें, सूरत और अहमदाबाद को मिलाकर 1,600 बसें, दिल्ली में 2,800 बसें और बेंगलुरु में सबसे बड़ी संख्या में 4,500 बसें उपलब्ध कराई जाएंगी।

### हुडको ने 5,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए जेएनपीए के साथ समझौता किया

**नयी दिल्ली।** हुडको ने 5,000 करोड़ रुपये की बंदरगाह अवसंरचना परियोजनाओं में सहयोग के लिए जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने जेएनपीए के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुडको ने कहा, इस गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन का उद्देश्य 5,000 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि के लिए जेएन बंदरगाह पर मौजूदा और आगामी बुनियादी ढांचे के विकास और बंदरगाह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण तथा पुनर्वित्तपोषण में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए सहयोग करना है।

# सेमीफाइनल से पहले बांग्लादेश के खिलाफ अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा भारत

एजेंसी

नवी मुंबई। कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका भारत इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा। इंदौर में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा और 30 अक्टूबर को यहां सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भी भारत चौथे स्थान पर ही रहेगा।

भारत बांग्लादेश पर जीत से अधिकतम आठ अंक तक पहुंच सकता है, लेकिन वह इंग्लैंड से पीछे रहेगा, जो नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और यदि वह रविवार को न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसके अंकों की संख्या 11 हो जाएगी। भारतीय टीम पर एक समय सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने पिछले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती को विफल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी और वर्षा से प्रभावित मुकाबले में 53 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। यह मुकाबला हालाांकि उनकी पूरी तरह से परीक्षा नहीं ले पाया। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के शतकों की मदद से 49 ओवरों में तीन विकेट पर 340 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 76 रन की पारी खेलकर टीम को जरूरी गति प्रदान की। बारिश के कारण न्यूजीलैंड के सामने 44 ओवर में 325 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया लेकिन उसकी टीम आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरू में दो विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। रविवार को भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। ऐसे में भारत अगर पहले बल्लेबाजी करता है तो वह बड़ा स्कोर बनाना चाहेगा तथा उसके बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना चाहेंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अभी तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और वह सेमीफाइनल से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए उत्सुक होगी। अभी तक इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ हरमनप्रीत की 70 रन की पारी ही एकमात्र उल्लेखनीय पारी रही है। बांग्लादेश का इस विश्व कप में अभियान कुछ दिन पहले डीवाई पाटिल में श्रीलंका के खिलाफ अंतिम ओवर में नौ रन बनाने में विफल रहने के साथ ही समाप्त हो गया था। बांग्लादेश ने एक मैच जीता है लेकिन अगर वह भारत से हार जाता है तो वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहेगा।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ लय हासिल करने उतरेंगे इंग्लैंड के बल्लेबाज

एजेंसी

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड की टीम पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है लेकिन उसके बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और इसलिए वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में इस विभाग की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड ने कुल मिलाकर टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कुछ अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी ध्वस्त हो गई थी जो सेमीफाइनल से पहले टीम के लिए चिंता का विषय है। गुवाहाटी में विश्व कप के अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार बार की विजेता टीम की 10 विकेट से जीत इस बात की पुष्टि थी कि अनुभवी नैट स्किवर ब्रंट के नेतृत्व वाली टीम गत विजेता ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए तैयार है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में संघर्ष ने टीम की कमियों को उजागर कर दिया। बांग्लादेश के खिलाफ उसकी टीम चार विकेट से जीत हासिल करने में सफल रही थी, लेकिन इनस्विंगर के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजों की कमजोरी को पाकिस्तान की तेज गेंदबाज फातिमा सना ने उजागर कर दिया था। इंग्लैंड की टीम इस मैच में नौ विकेट पर 133 रन ही बना पाई थी और अगर बारिश नहीं आती तो उसे हार का सामना करना पड़ सकता था। उसकी सलामी बल्लेबाज एमी जोन्स और मध्यक्रम की बल्लेबाज सोफिया डंकली जैसी बल्लेबाज़ें ज़्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाई हैं, जबकि कप्तान स्किवर-ब्रंट और टैमी ब्यूमोंट भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। हालांकि हीथर नाइट ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार पारियों के साथ निरंतरता दिखाई है। न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को भारत के हाथों मिली 53 रन की हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई और अब वह बिना किसी दबाव के खेलने के लिए उतरेगी।

# विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद अदाणी की कंपनियों में स्वतंत्र रूप से निवेश किया: एलआईसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को कहा कि उसने अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद किया। कंपनी ने कहा कि ऐसा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किया गया था। एलआईसी ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर जारी एक बयान में कहा, केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की ऐसे (निवेश) निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है। एलआईसी ने बयान में कहा कि भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी बातों और विस्तृत जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मज़बूत फंड प्रबंधन को दर्शाता है। एलआईसी ने कहा कि उसने पिछले कुछ वर्षों में निवेश के फैसले कंपनियों बुनियादी आंकड़ों और जांच-पड़ताल के आधार पर लिए हैं। एलआईसी ने कहा, निवेश संबंधी निर्णय एलआईसी द्वारा विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद उसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से लिए गए। कंपनी ने कहा, ‘एलआईसी ने जांच-पड़ताल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित किया है और इसके सभी निवेश निर्णय सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में, मौजूदा नीतियों, अधिनियमों के प्रावधानों और नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में लिए गए हैं। यह बयान अमेरिकी अखबार ‘द वॉशिंगटन पोस्ट’ में प्रकाशित रिपोर्ट के जवाब में आया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एलआईसी को सरकारी अधिकारियों ने इस साल अदाणी समूह में निवेश करने के लिए प्रभावित किया था।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी लगातार छठे दिन सस्ता हुआ सोना

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट का रुख लगातार जारी है। सोने की कीमत में आज लगातार छठे दिन गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में सोना 650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,24,360 रुपये से लेकर 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,13,990 रुपये से लेकर 1,14,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,24,510 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,24,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,24,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,24,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,13,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,24,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,24,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,14,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,24,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तीनों सेनाओं का युद्धाभ्यास महागुजराज 30 से

एजेंसी

जोधपुर। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 13 दिन का अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में संयुक्त अभ्यास करेंगें। इस युद्धाभ्यास को महागुजराज नाम दिया गया है। करीब 13 दिन चलने वाली एक्सरसाइज की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर के इलाके में नो फ्लाई जोन रहेगा। एक्सरसाइज जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी।

सैन्य सूत्रों के अनुसार 'महागुजराज' में तीनों सेनाएं एक साथ तालमेल स्थापित कर यूनिफाइड ऑपरेशन, डीप स्ट्राइक और मल्टी-डोमेन वॉरफ़ेयर का अभ्यास करेंगी। इस दौरान भारतीय सेना अपने कई नए स्वदेशी हथियारों और हाईटेक सिस्टमों की टेस्टिंग भी करेगी। इनमें टी-90 एस और अर्जुन टैंक, हॉवित्जर तोपें, अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर, हेवी लिफ्ट हेलिकॉप्टर शामिल होंगे। यह अभ्यास जैसलमेर से शुरू होकर कच्छ तक होगा। कच्छ का इलाका समुद्र के पास है, इसलिए वायुसेना और नेवी के विशेष विमान इस इलाके में मिलकर काम करेंगी। हाल ही में पश्चिमी सीमा पर हुए ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ के प्रयासों में इजाफा दर्ज हुआ था। इसी पृष्ठभूमि में यह त्रि-सेना अभ्यास और भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें विशेष रूप से काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी मॉडर्न तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा वायुसेना प्रिसिशन स्ट्राइक, एयर डिफेंस



इंटरसेप्शन और मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष ध्यान देगी। इस अभ्यास को लेकर भारतीय वायुसेना की ओर से नोटिस टू एयरमैन (नोटम) जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि यह युद्धाभ्यास 30 अक्टूबर से 11 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए ये पूरा एरिया नो फ्लाई जोन रहेगा। वायुसेना द्वारा जारी नोटम में 30 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच पश्चिमी एयर कॉरिडोर में उड़ानों के लिए चेतावनी दी गई है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि अभ्यास के दौरान नागरिक विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान कुछ सीमित सेक्टरों में फ्लाइट पाथ अस्थायी रूप से बदले जा सकते हैं। पश्चिमी सीमा पर हाल ही में हुए ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गतिविधियों और घुसपैठ के प्रयासों में वृद्धि देखी गई थी। इसी पृष्ठभूमि में 'महागुजराज' अभ्यास का महत्व और बढ़ गया है। इसमें काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। अभ्यास का उद्देश्य केवल हथियारों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि तीनों सेनाओं की संयुक्त प्रतिक्रिया क्षमता को वास्तविक परिस्थितियों में परखना भी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता और संचार बाधा तकनीक को भी परखा जाएगा। साथ ही, यह अभ्यास नवीनतम युद्ध प्रौद्योगिकियों जैसे मानव रहित हवाई वाहन, सटीक निर्देशित मिसाइल और लोइटर म्यूनिशन की क्षमताओं का परीक्षण भी करेगा। यह अभ्यास सिर्फ पश्चिमी मोर्चे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका रणनीतिक संदेश पूर्वी सीमा की ओर भी है। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारत यह दिखाना चाहता है कि वह दोनों मोर्चों पर एकसाथ संचालन करने में सक्षम है। 'महागुजराज' इस दृष्टि से रणनीतिक गहराई और परिचालन तत्परता को सशक्त करने वाला अभ्यास माना जा रहा है। अभ्यास के दौरान यूएवी (ड्रोन), सटीक-निर्देशित मिसाइलें, लोइटर म्यूनिशन और इलेक्ट्रॉनिक वारफ़ेयर सिस्टम की क्षमताओं का परीक्षण किया जाएगा। यह अभ्यास दक्षिण-पश्चिमी वायुसेना कमान की रेडिनेस और कोऑर्डिनेशन को परखने का भी बड़ा मंच बनेगा।

## छठ महापर्व देता है सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से शुरु हुए चार दिवसीय छठ महापर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि सादगी और संयम का प्रतीक यह पर्व सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा देता है। श्री मोदी ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है। बिहार सहित देशभर के श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सभी व्रतियों को मेरा नमन और वंदन। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति का यह विराट उत्सव सादगी और संयम का प्रतीक है, जिसकी पवित्रता और नियम-निष्ठा अतुलनीय है। इस पावन अवसर पर छठ के घाटों पर जो दृश्य दिखाई देता है उसमें पारिवारिक बंधन और सामाजिक सद्भाव की अद्भुत प्रेरणा होती है। छठ की प्राचीन परंपरा का हमारे समाज पर बहुत गहरा प्रभाव रहा है। विश्व के कोने कोने में छठ को संस्कृति के महाउत्सव के रूप में मनाये जाने का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में रहने वाले भारतवंशी परिवार इसकी परंपराओं में पूरी आत्मीयता से सम्मिलित होते हैं। उन्होंने कहा, ' मेरी कामना है कि छठी मइया सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें। श्री मोदी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, उपासना और प्रकृति प्रेम का एक अनूठा संगम है। इसमें जहां अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है, वहीं प्रसाद में भी प्रकृति के विविध रंग समाहित होते हैं। छठ पूजा के गीत और धुनों में भी भक्ति और प्रकृति का अद्भुत भाव भरा होता है। उन्होंने कहा , '' मेरा सौभाग्य है कि कल ही मुझे बेगूसराय जाने का अवसर मिला था। बिहार कोकिला शारदा सिन्हा जी का बेगूसराय से आत्मीय रिश्ता रहा है। शारदा सिन्हा जी और बिहार के कई लोक कलाकारों ने अपने गीतों से छठ के उत्सव को एक अलग भाव से जोड़ा है। श्री मोदी ने अपनी पोस्ट के साथ छठी मइया के कुछ गीत भी साझा किये हैं और कहा है कि इन्हें सुनकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी छठ महोत्सव के प्रारंभ ''नहाय-खाय'' पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और परंपरा, आस्था और सामाजिक समरसता के उत्सव पर छठ मैया से सभी के सुख और समृद्धि की प्रार्थना की है।

## सरकार ने 30 करोड़ बीमा धारकों के निवेश का दुरुपयोग कर अडानी को पहुंचाया फायदा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जमा पॉलिसीधारकों के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए नियमों में बदलाव किया है और गलत तरीका अपनाकर उद्योगपति अडानी को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि मीडिया में हाल ही में कुछ परेशान करने वाले खुलासे सामने आए हैं कि किस तरह सरकार ने एलआईसी और उसके 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आंतरिक दस्तावेज़ के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने गत मई में एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया और उसे आगे बढ़ाया, जिसके तहत एलआईसी की लगभग 34,000 करोड़ रुपए की धनराशि को अडानी समूह की विभिन्न कंपनियों में निवेश किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'अडानी समूह में विश्वास का संकेत देना' और 'अन्य निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना' था।

कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों ने किसके दबाव में यह तय किया कि उनका काम गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही एक निजी कंपनी को बचाना है। उन्हें सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एलआईसी को निवेश करने के निर्देश देने का अधिकार किसने दिया। क्या यह 'मोबाइल फ़ोन बैंकिंग' जैसा ही मामला नहीं है। श्री रमेश ने उद्योगपति अडानी को लेकर विस्तार से बताया कि जब 21 सितंबर 2024 को गौतम अडानी और उनके सात सहयोगियों पर अमेरिका में आरोप तय किए गए, तो केवल चार घंटे की ट्रेडिंग में ही एलआईसी को 920 अरब डॉलर यानी 7,850 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ। इससे पता चलता है कि सार्वजनिक धन को चहेते कॉरपोरेट घरानों पर लुटाने की कीमत कितनी भारी पड़ती है।अडानी पर भारत में महँगे सौर ऊर्जा ठेके हासिल करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए यानी की रिश्वत योजना बनाने का आरोप है। मोदी सरकार लगभग एक साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस करीबी मित्र को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग का समन आगे बढ़ाने से इनकार कर रही है। उन्होंने कहा, ल्लमोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियाँ अडानी समूह को बेच दें। हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों का पक्षपाती निजीकरण, ताकि उसका लाभ केवल अडानी समूह को ही मिले। राजनयिक संसाधनों का दुरुपयोग करके विभिन्न देशों में, खासकर भारत के पड़ोसी देशों में, अडानी समूह को ठेके दिलवाना। अडानी के करीबी सहयोगी नासिर अली शबान अहली और चांग चुंग-लिंग द्वारा शेल कंपनियों के मनी-लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का उपयोग करते हुए ओवर-इनवॉइस करते हुए कोयले का आयात किया गया, जिसके कारण गुजरात में अडानी पावर स्टेशनों से मिलने वाली बिजली की कीमतों में तेज़ बढ़ोतरी हुई। मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में असामान्य रूप से ऊंची कीमतों पर चुनाव-पूर्व बिजली आपूर्ति समझौते

## एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ को दबाव मुक्त रखने के उपाय तलाशने में जुटा चुनाव आयोग

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में किसी भी दिन विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अधिसूचना जारी होने की संभावना है। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है कि बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों या राज्य प्रशासन के किसी भी दबाव या प्रभाव से मुक्त रहें।

नई दिल्ली में गुरुवार को संपन्न दो दिवसीय बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ चर्चा के बाद आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर सबसे पहले उन राज्यों में शुरू किया जाएगा, जहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल भी शामिल है। पश्चिम बंगाल के सीईओ




कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, आयोग को इस बात की जानकारी है कि बीएलओ पर अनुचित दबाव डाला जा सकता है। इसलिए, उनकी स्वायत्तता की रक्षा के लिए कई स्तरों पर सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पहला कदम यह होगा कि बीएलओ पर पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए, ताकि एसआईआर की अवधि के दौरान उनका तबादला न हो सके। साथ ही आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने तक बीएलओ को किसी अन्य प्रशासनिक कार्य में नहीं लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सीईओ कार्यालय को निर्देश दिया गया है कि बीएलओ को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जाए और किसी भी तरह की धमकी या हस्तक्षेप के मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। बीएलओ को यह सलाह भी दी गई है कि वे दबाव की स्थितियों को संयम से संभालें और किसी टकराव से बचें, लेकिन ऐसी किसी भी घटना की तत्काल सूचना सीधे सीईओ कार्यालय को दें, जो आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए नई दिल्ली स्थित ईसीआई मुख्यालय से संपर्क करेगा। साथ ही, सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि न तो आयोग और न ही सीईओ कार्यालय बीएलओ और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की नियुक्ति के मामले में ईसीआई द्वारा तय मानकों में कोई ढिलाई बरतेगा। इन कदमों का उद्देश्य आगामी पुनरीक्षण प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और किसी भी राजनीतिक या प्रशासनिक हस्तक्षेप से मुक्त रखना है।

## बॉलीवुड और टीवी दुनिया के हास्य अभिनेता सतीश शाह का निधन

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड और टीवी की दुनिया में अपनी बेहतरीन टाइमिंग और अद्भुत हास्य से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले मशहूर अभिनेता सतीश शाह का 25 अक्टूबर को दोपहर करीब ढ़ाई बजे निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। उनके चले जाने की खबर ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया है।सतीश शाह का ज़िक्र होते ही दर्शकों की आंखों के सामने सबसे पहले उभर आता है 'साराभाई वर्सेस साराभाई' का वह चतुर, हाजिरजवाब और बेहद मजाकिया किरदार इंद्रवदन साराभाई। उनकी कॉमिक टाइमिंग ऐसी थी कि संवाद साधारण हों या चुटीले, दर्शक हंसी रोक ही नहीं पाते थे। उन्होंने टीवी और फिल्मों दोनों में अभिनय की वह पहचान बनाई, जो समय के साथ और भी अमर होती चली गई। उनके निधन की खबर जैसे ही सामने आई, मनोरंजन जगत से लेकर उनके चाहने वालों तक हर कोई भावुक हो उठा। सोशल मीडिया पर शोक संदेशों की बाढ़ सी आ गई। रिपोर्ट के मुताबिक सतीश शाह का पार्थिव शरीर अस्पताल में ही रखा गया है और अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को ही किया जाएगा। कॉमेडी के बादशाह जॉनी लीवर ने भावुक पोस्ट शेयर कर लिखा, ''बहुत दुख के साथ यह बताना पड़ रहा है कि हमने एक महान कलाकार और 40 साल पुराने प्यारे दोस्त को खो दिया है। यकीन कर पाना मुश्किल है, मैंने उनसे बस दो दिन पहले ही बात की थी। सतीश भाई, आप बहुत याद आएंगे। आपके योगदान को सिनेमा और टीवी जगत कभी नहीं भूल पाएंगे। सतीश शाह ने अपने करियर में 'मैं हूं ना', 'हम आपके हैं कौन' जैसी कई लोकप्रिय फिल्मों में अपनी बहुमूल्य मौजूदगी दर्ज कराई। वह अपने किरदारों में वो मिठास और हल्का-फुल्का हास्य घोल देते थे।

## सरकार देश भर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि पिछले एक दशक में देश में स्वास्थ्य देखभाल तथा मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार समूचे देश में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री नड्डा ने शनिवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 50वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सदी के आखिर में भारत में सिर्फ़ एक एम्स था लेकिन आज देश में इनकी संख्या बढकर 23 हो गयी है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई है जो दोगुने से भी ज़्यादा है। इसी अवधि में स्नातक मेडिकल सीटों की संख्या 51,000 से बढ़कर 1,29,000 और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या 31,000 से बढ़कर 78,000 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में दोनों स्तरों पर अतिरिक्त 75,000 मेडिकल सीटें बढाये जाने की उम्मीद है।



स्वास्थ्य मंत्री ने प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों में देश की उल्लेखनीय प्रगति और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों में महत्वपूर्ण सुधारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 88 जबकि शिशु मृत्यु दर 39 से घटकर 27 हो गई है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर और नवजात शिशु मृत्यु दर में भी क्रमशः 42 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की महत्वपूर्ण कमी आई है। ये दोनों वैश्विक औसत से अधिक हैं। श्री नड्डा ने चिकित्सकों से शिक्षा तथा अनुसंधान में सक्रिय रूप से योगदान देने और अपने पेशेवर तथा नैतिक आचरण में उत्कृष्टता के माध्यम से एम्स की प्रतिष्ठित विरासत तथा ब्रांड को बनाए रखने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने युवा चिकित्सकों से सहानुभूति के साथ सेवा करने, नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और देश की बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल ज़रूरतों को पूरा करने के लिए नवाचार का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। एम्स की सराहना करते हुए उन्होंने कहा , ''मेडिकल साइंस, ट्रेनिंग और हेल्थकेयर डिलीवरी के क्षेत्र में एम्स ने न सिर्फ़ भारत में बल्कि दुनिया भर में अपनी एक खास जगह बनाई है।'' उन्होंने मेडिकल शिक्षा , नवीनतम शोध और मरीज़ों की देखभाल के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए भी संस्थान की तारीफ़ की। नीति आयोग के सदस्य प्रो. वी.के. पॉल ने इस अवसर पर कहा , '' हमारी समाज के प्रति ज़िम्मेदारी है कि हम उस समुदाय को कुछ वापस दें जिसने हमें पाला-पोसा है। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, बेहतरीन काम करना आपकी रोज़ की आदत बन जाए और इनोवेशन आपका मार्गदर्शक सिद्धांत हो।'' उन्होंने छात्रों से 'एकेडमिक्स में शामिल होने, अगली पीढ़ी के हेल्थकेयर प्रोफ़ेशनल्स को पढ़ाने, गाइड करने तथा प्रेरित करने और इस तरह 'विकसित भारत' के विज़न में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सच्चा राष्ट्र निर्माण ज्ञान, करुणा और लगातार सीखने की मज़बूत नींव पर टिका होता है। दीक्षात समारोह में 326 स्नातक छात्रों को डिग्रियां दी गईं, जिनमें 50 पीएचडी स्कॉलर, 95 डीएम स्पेशलिस्ट, 69 एमडी, 15 एमएस, 4 एमडीएस, 45 एमएससी, 30 एमएससी (नर्सिंग) और 18 बायोटे ग्रेजुएट शामिल थे। इसके अलावा एम्स में उनके बेहतरीन योगदान और समर्पित सेवा के लिए सात डॉक्टरों को जीवन पर्यंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# पेज एक का शेष

### उत्तर प्रदेश के विकास...

का निर्माण शुरू हो जाएगा और दोनों रनवे मिलकर 7 करोड़ यात्रियों की सेवा करेंगे। जेवर एयरपोर्ट के पूर्ण स्वरूप में कुल 5 रनवे होंगे, इसका कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़ होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कुल 24 एयरपोर्ट्स हैं, जिनमें से 16 संचालित हो चुके हैं। वहीं जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है और अब इसका जल्द ही शुभारंभ होने वाला है। वहीं, 7 एयरपोर्ट्स निर्माणाधीन हैं। संचालित एयरपोर्ट्स में घरेलू स्तर पर आगरा, त्रिशूल (बरेली), गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट और सहारनपुर शामिल हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ होते ही उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का इकलौता राज्य बन जाएगा। निर्माणाधीन एयरपोर्ट्स की बात करें तो सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ, गाजीपुर, झांसी, अमेठी और पलिया में भी इस पर तेजी से कार्य चल रहा है जो भविष्य में प्रदेश के वायु संपर्क और पर्यटन को और मजबूत करेंगे।

### नहाय-खाय के...

सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का करीब 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त होता है और वे अन्न-जल ग्रहण करते हैं।

### प्रधानमंत्री का है यह...

अगले महीने होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए प्रचार करेंगे, तो उन्होंने उत्तर दिया, ल्लहां। जब भी राजग मुझे बुलाएगा, मैं जाने और उनके साथ काम करने के लिए तैयार हूं। हाल ही में जीएसटी दरों में युक्तिसंगत बनाए जाने को सभी के लिए लाभदायक बताते हुए नायडू ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं की ल्लकाफी बचतङ्क हो रही है और एमएसएमई क्षेत्र तथा अन्य व्यापारी भी खुश हैं। उन्होंने कहा, यह सभी के लिए फायदेमंद है। कम कर, अधिक लाभ। राजग सरकार हमेशा एक प्रगतिशील सरकार है। वह आम आदमी के लाभ के लिए कई सुधार ला रही है। आम आदमी को सशक्त बनाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। तेदेपा प्रमुख ने कहा कि किसी भी देश की प्रति व्यक्ति आय में उस देश में बसे भारतीयों का बड़ा योगदान होता है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दुबई पहुंचे नायडू ने कहा कि उन्होंने कई नेताओं और व्यापारियों से मुलाकात की और उन्हें अगले महीने विशाखापट्टनम में होने वाले सीआईआई पार्टनरशिप समिट में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में ग्रीन एनर्जी, कृषि, बागवानी, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र और अमरावती में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के प्रस्तावित इस्पात संयंत्र पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना के लिए आवश्यक अनुमतियां सुनिश्चित कीं और इसके शुरुआत में मदद की। उन्होंने कहा, दो महीने में हम इसे अंतिम रूप देने में सफल रहे। अब सभी पर्यावरणीय मंजूरियां पूरी हो चुकी हैं। अगले महीने हम इसकी आधारशिला रखेंगे। रियल टाइम गवर्नेंस पर नायडू ने कहा कि उनकी सरकार व्हाट्सऐप के माध्यम से 750 सेवाएं प्रदान कर रही है, साथ ही मंदिर दर्शन, बस टिकट और होटल आरक्षण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। नायडू ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी तेलुगू समुदाय पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा, एक दिन आप देखेंगे कि दुनिया में सबसे प्रभावशाली और शक्तिशाली समुदाय तेलुगू समुदाय होगा। यही हमारी योजना है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीने में राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश हासिल करने में सफल रही है और अतिरिक्त पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश पर काम जारी है।

### पाकिस्तान के लिए...

की जनता पाकिस्तान के सैन्य कब्जे, दमन, क्रूरता व संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुला विद्रोह कर रही है।

### यह चुनाव तय करेगा कि...

बेटों-बेटियों की चिंता केवल नरेन्द्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी ही कर सकते हैं। उनके खिलाफ एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, जबकि लालू जी ने चारा घोटाला से लेकर बीपीएससी घोटाले तक अनगिनत घोटाले किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ''लालू शासन में हत्या, लूट, फिरौती और अपहरण जैसी घटनाएं आम बात थीं। उद्योग राज्य से चले गए और बिहार को पिछड़ा बना दिया गया। शाह ने दावा किया कि ''नीतीश बाबू के नेतृत्व में राजग ने बिहार को 'जंगलराज' से मुक्त किया, वंशवाद को समाप्त किया और सबसे बड़ी बात यह कि नक्सलवाद को भी खत्म करने का काम किया। छठ महापर्व के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शाह ने कहा, ''मैं कामना करता हूं कि बिहार सदैव 'जंगलराज' से मुक्त रहे, कानून-व्यवस्था मजबूत रहे, बहन-बेटियां सुरक्षित रहें और राज्य विकास के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ता रहे। शाह ने कहा कि राजग की नीति स्पष्ट है स्कूल व कॉलेज में बेहतर सुविधाएं, किसानों के लिए सिंचाई, समय पर दवा और हर घर में पानी की आपूर्ति। उन्होंने कहा कि हाल में राजग सरकार ने 'जीविका' से जुड़ी एक करोड़ बहनों के खातों में 10 हजार रुपए दिए हैं। शाह ने कहा, ''विधवा और वृद्धावस्था पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर 1,100 रुपए कर दी गई है। आशा बहनों का मानदेय 3,000 रुपए प्रति माह तय किया गया है। पटना में मेट्रो का सपना अब साकार हो रहा है। गृह मंत्री ने दावा किया कि ''प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें पायदान से चौथे स्थान पर पहुंचाया है और 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा को मजबूत किया और आतंकियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराया।

### 'डिजिटल अरेस्ट'...

दस्तावेज के नाम पर न्यायिक आदेशों को गढ़ा है। पीठ ने यह भी कहा कि दस्तावेज की जालसाजी और उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के नाम, मुहर और न्यायिक प्राधिकार का बेशर्मी से आपराधिक दुरुपयोग गंभीर चिंता का विषय है। शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से भी इस मामले में सहायता करने का अनुरोध किया। उसने देश भर में 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों को चिह्नित किया था और केंद्र, सीबीआई और अन्य से स्वतः संज्ञान मामले में जवाब मांगा था जब 73 वर्षीय एक महिला ने 21 सितंबर को प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई को पत्र लिखकर अदालत के आदेशों का उपयोग करके दंपति को धोखा देने की घटना के बारे में सूचित किया था। 'डिजिटल अरेस्ट' एक ऐसी आपराधिक प्रक्रिया है जहां धोखेबाज आभासी मंच पर खुद को कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारी के रूप में पेश करता है और लोगों को डरा-धमका उनसे पैसे या संवेदनशील जानकारी मांगता है।

### देव दीपावली पर...

अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आने की संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में आगंतुकों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय प्रशासन व्यापक तैयारियां कर रही है, ताकि प्रत्येक आगंतुक को सुगम व सुरक्षित माहौल मिले। पर्यटन सूचना अधिकारी, वाराणसी नितिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि 'देव दीपावली को लेकर गंगा घाटों की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि 05 नवंबर को होने वाली देव दीपावली से पहले 01 से 04 नवंबर तक 'गंगा महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से काशी की परंपरा और कला की झलक देखने को मिलेगी।

# छठ महापर्व के आगमन से छठमय हुआ वातावरण

■ बाजारों में रौनक और घरों में उमंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ होते ही प्रदेश सहित देश-विदेश में बसे प्रवासी भारतीयों के बीच उल्लास का वातावरण है। गांव-गांव, शहर-शहर छठ मइया के गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। श्रद्धा, स्वच्छता और संयम का यह पर्व हर ओर भक्तिमय माहौल बना रहा है। चार दिवसीय इस महापर्व की शुरुआत आज 25 अक्टूबर को नहाय-खाए के साथ हो रही है। इस दिन व्रती सुबह स्नान कर घरों की साफ-सफाई करते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। पारंपरिक रूप से कद्दू-भात और चने की दाल का प्रसाद ग्रहण कर व्रत की शुरुआत होती है। इसी के साथ छठ की तैयारियों का शुभारंभ हो जाता है। 26 अक्टूबर को खरना का अनुष्ठान होगा। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं



और सूर्यास्त के बाद गुड़ और दूध से बनी खीर व रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। खरना के साथ ही 36 घंटे का कठिन व्रत आरंभ हो जाता है, जिसमें व्रती बिना जल ग्रहण किए निरंतर उपवास रखते हैं। इसके बाद 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य का आयोजन होगा। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए श्रद्धालु परिवारों सहित घाटों पर पहुंचेंगे। घाटों पर लोकगीतों, ढोलक की थाप और दीपों की ज्योति से वातावरण आस्था और सौहार्द से भर उठेगा। महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों में सजधज कर अर्घ्य अर्पण करेंगी। अंततः 28 अक्टूबर की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ यह महापर्व संपन्न होगा। छठ के आगमन से बाजारों में जबरदस्त रौनक देखी जा रही है। फल, ईख, नारियल, सूप, टोकरी, दीया और पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। घरों में ठेकुआ और प्रसाद की खुशबू फैली हुई है। महिलाएं छठ गीत गाते हुए पर्व की तैयारियों में जुटी हैं। कपड़ा, बर्तन और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। छठ पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की है। नगर निगम द्वारा घाटों की सफाई, रोशनी और पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। एनडीआरएफ और पुलिस बल की तैनाती से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। यह पर्व न केवल सूर्य उपासना का अनुष्ठान है बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम भी है। परिवारों का पुनर्मिलन, सामूहिकता की भावना और

# मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा में सीवर लाइन, सड़क और ड्रेनेड सिस्टम के कार्यों का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा के वैशाली एन्कलेव में नई सीवर लाइन, नई सड़क और ड्रेनेज सिस्टम के कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही सीवर की सफाई के लिए नई मिनी रीसायक्लर मशीनों की सौगात भी दी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी सरकार दिल्ली के हर क्षेत्र का विकास अगले 20 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर कर रही है। अब काम केवल मरम्मत का नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ने का है। पिछले आठ महीनों में दिल्ली ने अपनी सालों पुरानी समस्याओं से राहत महसूस की है। जहां पहले मिंटो ब्रिज पर पानी भरता था, वहां अब ट्रैफिक बिना रुके चलता है। जहां कभी यमुना किनारे गंदगी थी, वहां अब भव्य छठ महापर्व की तैयारी हो रही है। देसी पेड़ों और हरियाली की नई परंपरा शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली का हमारा विजन स्पष्ट है, हर वार्ड में स्वच्छ जल निकासी, हर गली में मजबूत सड़क, हर घर तक शुद्ध पानी, और हर नागरिक के लिए विकसित, सुंदर और हरी भरी राजधानी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिथिला मॉडल गांव द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान जारी

**सहरसा।** बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के कुछ ही दिन शेष बचे हैं। चुनाव का पहला मतदान 6 नवंबर को होगा। वही 14 नवंबर को वोटो की गिनती की जाएगी। इस चुनाव को लेकर जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में एनआरआई डैशपोरा के सहयोग से स्थापित संस्था मिथिला मॉडल गांव द्वारा मिथिला के सभी जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के संस्थापक सेवानिवृत्ति इंजीनियर जिले कहरा पतरघट निवासी अमरेंद्र झा ने बताया कि मिथिला के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए यह संस्था बनाया गया है। जिसमें 30 देश के 18 जिलों के एनआरआई सहित 1500 सक्षम लोग इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में निष्पक्ष रूप से बिहार व मिथिला के हित में योगदान देने वाले सही प्रत्याशियों को भी चुनने एवं अवश्य मतदान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मिथिला मॉडल गांव की सफलता को देखते हुए राजनीतिक दल इस अभियान को असफल बनाने के लिए धमकी सहित अन्य हथकंडा को भी अपनाया गया लेकिन मिथिला मॉडल गांव मिथिला के सपूत ललित मिश्रा द्वारा जो सपना देखा गया था वह आज भी अधूरा है। इन अधूरे कामों को पूरा करने के लिए मिथिला मॉडल गांव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह संस्था 15 अगस्त 2021 को स्थापित किया गया था। इस संस्था के माध्यम से विषम परिस्थितियों में भी जो अपने पुरुषार्थ की बल पर संघर्ष करते हुए बिना राजनीतिक मदद के अपने गुण को स्थापित किया। आज उनके प्रयास से समाज के लिए सकारात्मक पहल की आवाज उठाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी एनआरआई की खोज गूगल मीट एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया जिसमें अडानी ग्रुप के सीईओ राजेश झा, लंदन में 12 कंपनी के एडवाइजर शरद झा,अमेरिका से प्रकाश झा, कनाडा से के पी गुप्ता, जर्मनी से राजेश मिश्रा, सिंगापुर से मिसेज गुप्ता,आईएएस हीरालाल, अजय झा, एनआरआई रमन झा बेगूसराय सुमन समाज,किसलय कृष्ण,मुन्ना चमन,संजीव झा, दीपक झा, हीरा झा पूर्णिया अनुपमा झा सीतामढ़ी,माला झा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### छठव्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण

**भागलपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शनिवार को मां आनंदी फाउंडेशन द्वारा छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस बार वैसे व्रतधारी बहनों एवं माताओं के बीच वितरण किया गया जो प्राकृतिक आपदा के शिकार हो गई थी। उनका बाढ़ में हर चीज बह गया था। उन्हें चिन्हित कर उन लोगों के बीच छठ पूजन सामग्री, सूप, नारियल, साड़ी, गेहूं, गुड़, चावल, कद्दू, घी इत्यादि का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सदस्यों ने उपस्थित सभी महिलाओं को परंपरागत सुहाग का प्रतीक सिंदूर लगाकर कर किया। तत्पश्चात संस्था की महिलाओं के द्वारा लोक आस्था का महापर्व छठ का पारंपरिक गीत गाया गया। जिससे पूरा गंगा घाट भक्ति गीतों से गुंजयमान हो गया। मौके पर मां आनंदी संस्था कि संस्थापिका प्रिया सोनी ने कहा कि विगत कई वर्षों से हम लोग इस तरह का धार्मिक आयोजन के मौके पर गंगा घाट पर पहुंचकर संस्था के सभी सदस्यों ने मिलकर छठ पूजन की सामग्री उन्हें भेंट करते हैं। इस पावन मौके पर मां आनंदी संस्था की संस्थापिका प्रिया सोनी के साथ-साथ दर्जनों सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाई।

### डॉ. नरेश भारतीय रेडक्रॉस राष्ट्रीय प्रबंधन समिति में निर्वाचित

**हरिद्वार।** भारतीय रेडक्रॉस समिति उत्तराखंड के चेयरमैन एवं ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नरेश चौधरी को महामहिम राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली भारतीय रेडक्रॉस राष्ट्रीय प्रबंधन समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है। यह समिति देश की सर्वोच्च नीति निर्धारण इकाई है, जिसमें देशभर से केवल 12 प्रतिष्ठित सदस्यों को चुना गया है। नई दिल्ली स्थित रेडक्रॉस भवन में हुए चुनाव में भारत के 28 राज्यों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उत्तर भारत क्षेत्र (नार्थ रीजन) से उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. नरेश चौधरी ने सदस्य पद पर विजय प्राप्त की। उनके साथ हिमाचल से डॉ. साधना ठाकुर, हरियाणा से अंकुश मिगलानी, आंध्र प्रदेश से वाई.डी. रामराव, कर्नाटक से शान्थाराम सेठी, असम से ए.के. अवसार हजारिका, बिहार से डॉ. धनंजय कुमार, पश्चिम बंगाल से एस.के. पटनायक, गुजरात से डॉ. दीपक नरोला सहित कुल 12 सदस्य चुने गए। सेक्रेटरी जनरल आर.के. जैन (सेवानिवृत्त आईएएस), ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. बंसरी सिंह व डॉ. कोस्तुभ दिनकर कुकदे ने सभी विजयी सदस्यों को बधाई दी। उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, कुलपति डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी, वाईस चेयरमैन डॉ. आनंद भारद्वाज सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. चौधरी को बधाई दी। तीन दशकों से रेडक्रॉस सेवा में समर्पित डॉ. नरेश चौधरी को पहले भी महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ पंजाब में छठ पूजा शुरू

**फगवाड़ा।** सूर्य देव और छठी मैया की आराधना को समर्पित चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया, जिसके साथ ही क्षेत्र में पवित्रता, भक्ति और पारिवारिक एकता पर आधारित अनुष्ठानों की शुरुआत हो गयी। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया और उसके बाद कद्दू, चावल और चना दाल से बना एक साधारण सात्विक भोजन तैयार किया, जिसे कद्दू भात के नाम से जाना जाता है। नये मिट्टी के बर्तनों में पकाया गया यह भोजन, जिसमें प्याज और लहसुन नहीं होता, आध्यात्मिक शुद्धि और अनुशासन का प्रतीक है, क्योंकि श्रद्धालु आगे आने वाले कठिन उपवास की तैयारी कर रहे हैं। प्रवासी बिहारी युवक रवि और मंजू ने बताया कि यह त्योहार मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों के निवासियों का है, छठ पूजा हिंदू परंपरा में सबसे कठोर त्योहारों में से एक माना जाता है। नहाय-खाय व्रत की नींव रखता है, ऐसा माना जाता है कि यह तन और मन दोनों को शुद्ध करता है और छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त कराता है। यह अनुष्ठान पारिवारिक बंधनों को भी मज़बूत करता है, क्योंकि सदस्य पवित्र भोजन पकाने, साफ़-सफ़ाई करने और बांटने के लिए एकत्रित होते हैं, जो बच्चों की भलाई, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थनाओं की शुरुआत का प्रतीक है। स्वास्थ्य के नजरिए से, इस प्रथा का वैज्ञानिक महत्व है, अनुष्ठान स्नान स्वच्छता को बढ़ावा देता है, जबकि पौष्टिक भोजन आवश्यक प्रोटीन, विटामिन और ऊर्ज़ा प्रदान करता है, जो भक्तों को 36 घंटे के निर्जल उपवास के दौरान ऊर्ज़ावान बनाये रखता है। यह त्योहार खरना, संध्या अर्घ्य के साथ जारी रहता है, और उदय अर्घ्य के साथ समाप्त होता है, जो जीवन और ऊर्ज़ा के दाता सूर्य भगवान के प्रति विश्वास, अनुशासन और कृतज्ञता का जश्न मनाता है।

# सहरसा की जीविका दीदियों ने नहाय-खाय के दिन जगाई मतदान की अलख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहरसा। हिन्दुओं के महान आस्था का पावन पर्व छठ पूजा की आस्था, उत्साह और उल्लास के बीच जिले की जीविका दीदियों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी निष्ठा का परिचय दिया है। आज नहाय-खाय के पवित्र दिन भी उन्होंने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान जागरूकता की मशाल जलाने की एक अनोखी पहल की। यह पहल स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में चल रहे व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा है ।दीदियों ने इस अवसर पर अपने मतदाता भाइयों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा जैसे बहनें अपने भाइयों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं, वैसे ही हम अपने भाइयों से निवेदन करती हैं कि वे मतदान के दिन मतदान केंद्र ज़रूर पहुंचें और अपने वोट से लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। यह पहल इस बात का प्रतीक है कि सहरसा की महिलाएँ अब न केवल परिवार और समाज की धुरी हैं, बल्कि लोकतंत्र की भी सशक्त प्रहरी बन




चुकी हैं ।आज मध्य विद्यालय प्रांगण, मिल्लत नगर, पतरघट में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जीविका के विभिन्न ग्राम संगठनों की सैकड़ों दीदियां शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मतदाता शपथ से हुआ। इसके बाद एक प्रेरणादायक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें दीदियां हाथों में रंग-बिरंगी तख्तियां और बैनर लिए गांव की गलियों में उतरीं ।पहले मतदान, फिर जलपान, मेरा वोट, मेरा अधिकार और लोकतंत्र की शान – है मतदान जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा । कार्यक्रम में दीदियों ने रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश रचनात्मक और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इन प्रतियोगिताओं ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और मतदान के महत्व को सहज, भावनात्मक और प्रेरक रूप से समझाया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता रही 90 वर्ष से अधिक आयु की मतदाता जीविका दीदी कोशीला देवी की प्रेरणादायक उपस्थिति। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका उत्साह और जोश देखने लायक था। एक हाथ में मतदाता जागरूकता का संदेश लिखी मेहंदी, और दूसरे हाथ में मतदान को प्रेरित करती तख्ती थामे कोशीला देवी लोगों से मतदान करने की अपील कर रही थीं। उनकी सक्रिय भागीदारी ने सभी उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया और लोकतंत्र के प्रति समर्पण का अद्भुत संदेश दिया। डीपीएम जीविका श्लोक कुमार ने कहा –छठ जैसे पवित्र पर्व पर जीविका दीदियों की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है । जब महिलाएँ जागरूक होती हैं, तो पूरा समाज जागरूक होता है। सहरसा की दीदियाँ लोकतंत्र की असली शक्ति बन चुकी हैं।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई में यूपी से लाई गई पांच पेटी शराब जब्त

बेतिया। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए नौतन पुलिस ने शराब कारोबारियों के खिलाफ सघन अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को थानाध्यक्ष प्रमोद पासवान को गुप्त सूचना मिली कि शिवराजपुर छरकी झाड़ी इलाके में उत्तर प्रदेश से बड़ी मात्रा में शराब की खेप लाई गई है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस टीम का गठन कर तत्काल छापेमारी अभियान शुरू किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच पेटी विदेशी शराब बरामद की, जिसमें कुल 214 पीस बटी-बबली ब्रांड की बोतलें शामिल थीं। बताया जा रहा है कि तस्कर इस खेप को दूसरे जिले में सप्लाई करने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की तत्परता से तस्करी की यह कोशिश नाकाम रही.फिलहाल पुलिस ने बरामद शराब को जप्त कर लिया है और शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी जिले के नांगलोई इलाके में शुक्रवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों शातिर बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए आरोपित वही हैं जिन्होंने 22 अक्टूबर की सुबह नांगलोई पेट्रोलिंग टीम पर फायरिंग कर फरार हो गए थे। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक हथियारों के साथ किराड़ी मोड़ के पास घूम रहे हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की। पुलिस ने जैसे ही संदिग्ध बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया। गोलीबारी में तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे गिर पड़े। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इस मुठभेड़ में एसआई योगेंद्र और हेड कांस्टेबल विकास की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं। बुलेटप्रूफ जैकेटहोने से दोनों बाल-बाल बच गए। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान फिरोज उर्फ साजिद (32), मो. कमरान उर्फ शाहरुख उर्फ मो. शरीफ (38) और ओसाफ अली (48) के रूप में हुई है। तीनों गाजियाबाद के रहने वाले हैं। इनके पास से एक देसी पिस्तौल, दो 32 बोर की पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और पांच खाली कारतूस बरामद किए गए हैं।

# पूर्वांचल समाज की मांग पर यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के पास छठ घाट पुनः शुरू : वीरेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वांचल समाज के लोगों के निवेदन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बंद पड़े छठ पूजा घाट को पुनः शुरु करवाया। उन्होंने कहा कि इस घाट को 2020 में केजरीवाल सरकार ने बंद करवा दिया था। बिहार जागरण मंच के संरक्षक एवं एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पूर्वांचलवासियों ने शुक्रवार को वीरेंद्र सचदेवा से मुलाकात कर घाट को फिर से शुरू करवाने का अनुरोध किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तुरंत क्षेत्रीय अधिकारियों से बात कर अनुमति दिलवाई



और जेसीबी मशीन लगवाकर घाट निर्माण कार्य शुरू करवाया। शनिवार सुबह वीरेंद्र सचदेवा स्वयं निर्माणाधीन छठ घाट पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई श्रमदान में भाग लिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी नगर, पांडव नगर और आसपास के क्षेत्रों में बसे बिहार समाज के लोगों की वर्षों पुरानी आकांक्षा आज पूरी हुई है। केजरीवाल सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक पर्वों में बाधा डालती थी, लेकिन भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार जन-जन के पर्वों को उत्सव और उत्साह दे रही है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं दिल्ली सरकार द्वारा छठ घाट पुनः चालू करवाने से पूर्वी दिल्ली के पूर्वांचल समाज में हर्ष और आभार का वातावरण है। इस अवसर पर विधायक अभय वर्मा, एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह, शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा, पार्षद संदीप कपूर, नीलम नीतू चौधरी, रामकिशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में बिहार जागरण मंच के सदस्य मौजूद रहे।


# बेतिया मे सजा आकर्षक छठ घाट बना श्रद्धा और सौंदर्य का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेतिया। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर इस बार सिसवनिया पंचायत के बिशनपुरवा गाँव में एक भव्य और आधुनिक छठ घाट का निर्माण कर श्रद्धालुओं के लिए नई सौगात दी गई है। एनएच-727 बगहा मार्ग के किनारे स्थित यह घाट अब पूरे इलाके में धार्मिक और पर्यटन दोनों दृष्टि से चर्चा का विषय बन गया है। पंचायत के मुखिया कन्हैया प्रसाद ने बताया कि लगभग 32 लाख की लागत से षष्ठम एवं 15वीं वित्त आयोग के तहत इस घाट का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह घाट गाँव की पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले गया है और यहाँ की सुंदरता अब लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। घाट परिसर में रंगीन लाइटिंग, आकर्षक वाटर फाउंटेन, और सुंदर सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा



के लिए बेंच, साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था और हरियाली से घिरा पार्क भी बनाया गया है। शाम के समय झिलमिलाती रोशनी में यह घाट किसी आधुनिक पर्यटन स्थल जैसा नजारा पेश करता है। स्थानीय लोगों ने मुखिया कन्हैया प्रसाद और पंचायत प्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि घाट के बनने से व्रतियों को पूजा-अर्चना में सुविधा मिलेगी और यह स्थान अब स्थानीय पर्यटन का केंद्र बन गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063